

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दीपावली पर लंदन के श्री स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 304 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## टनल में फंसे मजदूरों से हुआ संपर्क, बोले- हम सुरक्षित हैं

**बचाने का अभियान**

**8 टनल में फंसे मजदूरों से हुआ संपर्क, बोले- हम सुरक्षित है, खाना मांगने पर पहुंचाई गई मदद, मशीनों को जुटाया गया**





**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**

**उत्तरकाशी के** यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए मलबा हटाने का कार्य जारी है। मलबा हटाने के लिए हैवी एक्सकैवेटर मशीनों को जुटाया गया है। वॉकी-टॉकी के थ्रू टनल में फंसे मजदूरों से संपर्क हुआ हैं। मजदूरों ने बताया कि वह सुरक्षित हैं। फंसे हुए मजदूरों द्वारा खाने की मांग की गई थी। टनल में पानी की आपूर्ति के लिए बिछी पाइपलाइन के जरिए ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए रात में खाने के लिए कुछ पैकेट कंप्रेसर के जरिए दबाव बनाकर टनल में फंसे मजदूरों तक भेजे गए हैं। सुरंग के अंदर पाइपलाइन राहत और बचाव अभियान में काफी मददगार साबित हो रही है। इसी पाइपलाइन के जरिए मजदूरों से कम्युनिकेशन स्थापित करने का काम भी लिया जा रहा है। पहले टनल में फंसे मजदूर तक संदेश भेजने के लिए कागज पर लिखे संदेश की पर्ची पाइप लाइन के जरिए भेजी गई थी।

### 24 घंटे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई

**राहत और** बचाव अभियान में समन्वय के लिए 24 घंटे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बीती रात से शिफ्ट में समन्वय देख रहे जल संस्थान के प्रभारी ईई दिवाकर डंगवाल ने तड़के टनल से बाहर आने पर बताया की मलबा हटाने का कार्य तेजी से जारी है। रात में फंसे मजदूरों तक संपर्क स्थापित करने और उन तक भोजन और ऑक्सीजन की आपूर्ति करने की कवायद अनेक बार की गई है।

सुरंग में मलबा हटाने का कार्य लगातार जारी है। सर्किल ऑफिसर प्रशांत कुमार ने कहा कि मलबा लगभग 60 मीटर तक है। जैसे हम मलबा हटा रहे हैं, ऊपर से मलबा गिर रहा है। हमने लगभग 15-20 मीटर तक मलबा हटा लिया है। सभी लोग सुरक्षित हैं।

आपको बता दें कि चारधाम सड़क परियोजना के तहत यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा से पोलगांव के बीच राज्य की सबसे लंबी (4.5 किमी) सुरंग बनाई जा रही है।

जिसमें अब करीब 500 मीटर हिस्सा ही सुरंग के आर-पार होने के लिए बचा है। दिन-रात दो शिफ्ट में मजदूर इस सुरंग का निर्माण कार्य कर रहे हैं।

## 57% कंपनियां 6 माह में उत्पादन क्षमता बढ़ाएंगी



**उत्पादन क्षमता**

**8 मेटल और मशीन टूल्स जैसे प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नई भर्तियां निकल सकती हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आने** वाले तीन महीने में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं व्हाइट गुड्स, मेटल और मशीन टूल्स जैसे प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नई भर्तियां निकल सकती हैं। इन कंपनियों की अगले 6 माह में उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजना है, इसलिए इन सेगमेंट की 40 से 57 प्रतिशत तक कंपनियों ने कहा कि वे नई भर्तियां करेंगी। उद्योग चैंबर फिक्की की तरफ से 10 प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट में किए गए एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। जुलाई से सितंबर तिमाही के लिए किए गए इस सर्वेक्षण में छोटी-बड़ी 380 मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को शामिल किया गया। इनका कुल सालाना टर्नओवर 4.88 लाख करोड़ रुपये है। सर्वेक्षण में पता चला कि दूसरी तिमाही में ग्रोथ मोमेंटम बढ़ा है। विकसित देशों की इकोनॉमी की रफ्तार कम होने के बावजूद भारत में आने वाली तिमाहियों में ग्रोथ मोमेंटम बढ़ने का अनुमान है। इस वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में 57% कंपनियों ने उत्पादन बढ़ने की जानकारी दी थी, जबकि सितंबर तिमाही में 79% कंपनियों का उत्पादन बढ़ा है। 80% कंपनियों ने कहा कि जुलाई से सितंबर के दौरान उनके पास पिछले साल की तुलना में ज्यादा ऑर्डर थे। मजबूत यानी 10% से 20% ग्रोथ वाले सेगमेंट में इलेक्ट्रॉनिक्स और व्हाइट गुड्स, सीमेंट, ऑटोमोबाइल और मशीन टूल्स शामिल हैं। मशीनरी और कंस्ट्रक्शन के समान, केमिकल, टेक्सटाइल, मेटल, पेपर जैसे सेगमेंट में ग्रोथ औसत यानी 5% से 10% रहने की उम्मीद है।

**फास्ट न्यूज**

### भारत एक दिसंबर ब्राजील को सौंपेगा जी-20 बैटन

**नई दिल्ली।** जी-20 के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना की ओर से आयोजित जी-20 थिंक क्विज का समापन 23 दिसंबर को होगा। इसी दिन इंडिया गेट पर ग्रैंड फिनाले के साथ ही भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने का औपचारिक समापन होगा। इसके बाद एक दिसंबर को नई दिल्ली के इंडिया गेट पर ब्राजील को जी-20 बैटन सौंप दी जाएगी। भारतीय नौसेना और नेवी वेलनेस एंड वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) ने भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने के बाद वैश्विक स्तर पर स्कूली बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसे 'जी-20 थिंक क्विज' नाम दिया गया। जी-20 थिंक की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 11,741 स्कूलों ने रिकॉर्ड संख्या में पंजीकरण कराया। प्रतियोगिता का पहला निष्कासन दौर 14 सितंबर को हुआ, जिसमें 3902 स्कूल अगले स्तर पर पहुंचे। इसके बाद क्वार्टर फाइनल के लिए कुल 1674 स्कूलों ने क्वालीफाई किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद प्रत्येक जोन से शीर्ष 10 टीमों का चयन हुआ।

### जीईएम पोर्टल से चालू वित्त वर्ष में अब तक खरीद दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद का आंकड़ा मील का पत्थर साबित हुआ है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीद बढ़ने से जीईएम पर खरीद दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया में लिखा है कि जीईएम के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के सिर्फ आठ महीने में ई-मार्केटप्लेस मंच से खरीद का आंकड़ा दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। वित्त वर्ष 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये रहा था।

# प्रदूषणः गई दिवाली... दिल्ली फिर 'काली'

= राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में रात के आकाश को रोशन करते हुए तीव्र आतिशबाजी दिखाई दी

**दमघोंटू**

**8 दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के दृश्यों में सड़कों पर घनी धुंध छाई हुई दिखाई दी, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** कर्तव्य पथ, आजादपुर, राजघाट और इसके अलावा नोएडा में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। दिवाली के दिन रविवार को सुबह बीते आठ सालों में हवा सबसे अच्छी रही। लेकिन दिवाली की रात दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों के दृश्यों में सड़कों पर घनी धुंध छाई हुई दिखाई दी, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और कुछ सौ मीटर से आगे देखना मुश्किल हो गया। सोशल मीडिया साइट्स पर शेयर किए गए ताजा पोस्ट और रिपोर्ट्स से पता चला है कि अलग-अलग जगहों पर बड़ी संख्या में लोगों ने पटाखे जलाने में हिस्सा लिया। लोधी रोड, आरके पुरम, करोल बाग, मोती नगर और पंजाबी बाग में रविवार रात के दृश्यों में राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में रात के आकाश को रोशन करते हुए तीव्र आतिशबाजी दिखाई दी। दिल्ली के रामा रोड स्थित डीएलएफ बिल्डिंग के सभी टावर प्रदूषण के कारण दिखाई नहीं दे रहे थे। दिल्ली में दिवाली के एक दिन बाद कर्तव्य पथ का नजारा है। जहां से देखने पर इंडिया गेट नहीं दिखाई दे रहा था। दिवाली की रात दिल्ली में जमकर हुई आतिशबाजी के बाद धुएं की चादर आसमान में छाई रही।

गत रविवार यानी दिवाली को दिल्ली में 24 घंटे का पीएम10 का औसत स्तर 430 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा, जो पिछले साल के 322 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक है, साथ ही 2021 में 748 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर था। इसी तरह 24 घंटे के दौरान पीएम2.5 का औसत स्तर 314 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज हुआ, जबकि पिछले साल यह 217 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा था।

### दिवाली में दीये-पटाखे से 220 से अधिक घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिवाली** में पटाखे व दीये जलाने पर 220 से अधिक लोग घायल हो गए। इन घायलों को उपचार के लिए एम्स, सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया, लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, संजय गांधी, बाबा साहेब अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम, जग प्रवेश हॉस्पिटल सहित दिल्ली के अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों में लाया गया। इनमें से करीब 10 फीसदी मरीज गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पीएम 2.5 कणों का स्तर 45 प्रतिशत बढ़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में तमाम बंदिशों के बावजूद दिवाली के अगले ही दिन हवा सांस लेने लायक नहीं रही। कुछ इलाकों में 900 के पार एक्यूआई रहा। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के एक विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल की तुलना में हवा में दिवाली पर फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पीएम 2.5 कणों का स्तर 45 प्रतिशत और पीएम 10 कणों का स्तर 33 प्रतिशत बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजधानी में लगभग सभी वायु गुणवत्ता की निगरानी करने वाले स्टेशनों ने पिछली साल की तुलना में दिवाली के दिन प्रदूषण के स्तर में इजाफा दर्ज किया है।

### '10 करोड़ से अधिक परिवारों को देंगे राम जन्मभूमि का निमंत्रण'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विश्व** हिन्दू परिषद (विहिप) के केन्द्रीय कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने सोमवार को कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर अयोध्या में आगामी जनवरी में होने वाले राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त हम 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देंगे। अयोध्या में इस दिन हिंदुत्व की सभी छटाओं के लगभग 4000 प्रमुख संत, विहिप के प्रमुख पदाधिकारी और देश का वरिष्ठ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक नेतृत्व शामिल होगा।

## 'एंटी ओपन बर्निंग कैंपेन चलाएगी सरकार'

**समीक्षा बैठक**

**8 दिल्ली की जनता ने अपने नागरिक कर्तव्य का पालन किया, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का आदर किया: राय**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बैठक की जानकारी प्रेस को साझा करते हुए कहा कि सरकार 14 नवंबर से 14 दिसंबर तक दिल्ली में एंटी ओपन बर्निंग अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत 611 टीमें तैनात की गई हैं। सभी टीमें 24 घंटे दिल्ली में ओपन बर्निंग की घटनाओं की निगरानी और उसे रोकने का काम करेंगी।

गोपाल राय ने कहा कि सीएक्यूएम के अगले आदेश तक दिल्ली में ग्रैप 4 चरण की पाबंदियां लागू रहेगी। उन्होंने एमसीडी के डीसी को हॉटस्पॉट पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि एंटी डस्ट अभियान को 14 नवंबर से 30 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया गया है।

पर्यावरण मंत्री ने दिल्ली के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने अपने नागरिक कर्तव्य का पालन किया, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का आदर किया और दिल्ली में दीये जलाकर दिवाली मनाई। दिल्ली में पटाखों का निर्माण, वितरण, भंडारण और जलाने पर बैन है लेकिन यदि उत्तर प्रदेश और हरियाणा की सरकारों ने पटाखों पर बैन का सख्ती से पालन किया होता तो आज एक दिन में दिल्ली का प्रदूषण का स्तर 100 प्वांइट नहीं बढ़ता।

## खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**खाने-पीने** की कीमतों में कमी होने से अक्तूबर महीने में खुदरा महंगाई में गिरावट आई है और यह चार महीने के निचले स्तर 4.87 प्रतिशत पर पहुंच गई है। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में तीन महीने के निचले स्तर 5.02 प्रतिशत पर थी।

इससे पहले, जून में महंगाई दर 4.87 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अक्टूबर बैठक में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह 2022-23 के 6.7 प्रतिशत के मुकाबले कम है। सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई दर दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। केंद्रीय बैंक द्विमासिक मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

## कांग्रेस मतलब- तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ाः शाह

**कांग्रेस निशाने पर**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार प्रदेश को विकास के लिए 15 लाख करोड़ रुपया देती है: अमित शाह**



**टीम एक्शन इंडिया/राघौगढ़**

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राघौगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का मतलब तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा। करप्शननाथ- कमलनाथ, बंटाढार दिग्विजय सिंह और सोनिया गांधी। तीनों अपने-अपने बेटों को स्थापित करना चाहते हैं तो क्या ये देश और प्रदेश की जनता की भलाई के लिए कुछ कर पाएंगे। अमित शाह ने कहा कि आदेश दिल्ली से आता है और निर्देश कमलनाथ देते हैं। गलती होने के बाद दिग्विजय के माथे सारा ठिकरा फोड़ा दिया जाता है। जब कांग्रेस कपड़ा फाड़ने में लगी हो तो उसे दूसरों की भलाई नहीं कर सकती है। शाह ने अशोकनगर के चंदेरी विधानसभा में भी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया।

**किसानों को मिलेगा 12 हजार:** केन्द्रीय गृह शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार वापस आने पर किसानों को 12 हजार रुपये की सम्मान निधि मिलेगी। स्वास्थ्य बीमा की राशि पांच लाख से बढ़ा कर 10 लाख रुपये तक की जाएगी। मध्य प्रदेश को पहले बीमारू राज्य के नाम से जाना जाता था, लेकिन पिछले 18 साल के शासन में भाजपा की सरकार ने इसे विकसित राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में मध्यप्रदेश को सिर्फ मनमोहन सिंह की सरकार में दो लाख करोड़ रुपया मिलता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार प्रदेश को विकास के लिए 15 लाख करोड़ रुपया देती है। 65 लाख लोगों के घरों में अब नलों का पानी पहुंच रहा है।

### 2030 तक 1577 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने की योजना

**नई दिल्ली:** कोयला मंत्रालय ने वर्ष 2027 तक 1404 और वर्ष 2030 तक 1577 मिलियन टन कोयला उत्पादन करने की योजना बनाई है। वर्तमान में कोयले का उत्पादन स्तर लगभग एक बिलियन टन प्रति वर्ष है। घरेलू कोयला आधारित बिजली संयंत्र को लगभग 821 मीट्रिक टन कोयला आपूर्ति किया गया। 2030 तक देश में जोड़ी जाने वाली अतिरिक्त 80 गीगावॉट थर्मल क्षमता की आपूर्ति के लिए अतिरिक्त 400 मीट्रिक टन कोयले की अतिरिक्त आवश्यकता होगी।

**बचाव अभियान** सिलक्यारा में हुए भू धसाव की घटना का स्थलीय निरीक्षण पहुंचे मुख्यमंत्रीश्री पुष्कर सिंह धामी

## सीएम धामी ने टनल में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति को जाना



**सभी सुरक्षित**

**8 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली : मुख्यमंत्री धामी।**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून - मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी, सोमवार को उत्तरकाशी के सिलक्यारा के पास सुरंग में हुए भू धसाव की घटना का स्थलीय निरीक्षण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिलक्यारा टनल में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव एवं राहत कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं टनल में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति को जाना। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग में फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकालना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राहत और बचाव अभियान में जुटे अधिकारियों और विभिन्न एजेंसियों को परस्पर बेहतर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य उच्च दक्षता और पूरी क्षमता के साथ चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के लिए बाहर से जिस तरह के संसाधनों व तकनीकी सहायता की आवश्यकता होगी उसे सरकार यथाशीघ्र उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा किसी भी स्तर पर कोई भी आवश्यकता होने पर शीघ्र शासन को सूचित किया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों के लिए सभी संभव विकल्पों पर विचार किया जा रहा है। बचाव कार्य के लिए बड़े व्यास के ह्यूम पाइप हरिद्वार और देहरादून से भेजे जाने की व्यवस्था कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया की ईश्वर की कृपा और बचाव अभियान में जुटे लोगों के अथक प्रयासों के चलते सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को जल्द सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन के माध्यम से टनल में फंसे श्रमिकों की स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

## भाजपा ने ईसी से की कमलनाथ की शिकायत




**मांग**

**8 कमलनाथ धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे, सभा पर रोक लगायी जाए: बीजेपी**

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को चुनाव आयोग में मध्यप्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के खिलाफ विधानसभा चुनाव के समय धार्मिक उन्माद फैलाने की शिकायत की है। वहीं पुराने भोपाल शहर में विशेष समुदाय के लोगों द्वारा देर रात एकत्र होकर चुनाव प्रचार करने की शिकायत की है। भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के अधिकृत ट्विटर हैंडल (वर्तमान में एक्स) पर 12 नवंबर 2023 को सुबह एक ट्वीट किया गया है। कांग्रेस पार्टी के अधिकृत एक्स हैंडल से गौ हत्या जैसे पाप से संबंधित किए गए उक्त ट्वीट में ऐसे शब्दों का उपयोग किया गया है, जिसका वास्तविकता से कोई वास्ता नहीं है। कांग्रेस पार्टी का उक्त ट्वीट मध्यप्रदेश में धार्मिक उन्माद फैलाने वाला है। कांग्रेस के अधिकृत एक्स हैंडलर से उक्त ट्वीट होने के कारण प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की सभाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए और 3 दिसंबर 2023 तक मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक्स हैंडल को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। भोपाल के इब्राहिमपुरा, जहांगीराबाद, कोह-ए-फिजा, इब्राहिमगंज, काजीकैंप आदि स्थानों पर देर रात दो बजे तक दुकाने खुली रहती हैं और स्थानीय लोग समूह में एकत्रित होकर चुनावी रणनीति बनाते हैं।

ACTION INDIA
ऊना, 14 नवंबर 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# सीएम ने बच्चों के साथ मनाई दीवाली

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला शिमला के बालिका आश्रम टूटीकंडी में बच्चों के साथ दीवाली का उत्सव मनाया तथा उन्हें मिठाई, फल और पटाखे वितरित किए। दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून बनाकर अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 4000 अनाथ बच्चों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिए हैं, जिससे अब वह मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की प्रतीक है। इस योजना के तहत 27 वर्ष की आयु तक अनाथ बच्चे की देखभाल का जिम्मा राज्य सरकार



का है। इसके साथ ही अनाथ बच्चों को क्लोथ अलाउंस व त्यौहार मनाने के लिए भत्ता प्रदान किया जा रहा है। उनकी उच्च शिक्षा, रहने का खर्च, 4000 रुपए पॉकेट मनी राज्य सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अनाथ बच्चों को नामी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए भी प्रयास कर रही है। इसके साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा घर बनाने के लिए 3 बिस्वा भूमि तथा 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा श्आप माता-पिता के बिना नहीं है। राज्य सरकार ही आपकी माता और पिता है। इसलिए प्रदेश का मुखिया होने के नाते आपके साथ दीवाली मनाने आया हूँ। दीवाली का पर्व आपके जीवन में खुशियां लाए और राज्य सरकार भी इसी सोच के साथ कार्य कर रही है। जीवन में चुनौतियों का डटकर सामना करें क्योंकि चुनौतियाँ ही आत्मविश्वास पैदा करती हैं और जीवन को दिशा देती हैं।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में राज्य सरकार एकल नारियों तथा मूक-बधिर बच्चों के लिए भी योजना लाने वाली है। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ इन योजनाओं में सुधार भी किया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डा कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सबसे पहले बालिका आश्रम टूटीकंडी आए, जो ऐतिहासिक है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सुखाश्रय योजना की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आपदा ने हिमाचल प्रदेश में बहुत नुकसान किया है, जिनकी भरपाई करने में वक्त लगेगा। लेकिन इसकके बावजूद राज्य सरकार जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य सरकार ज्वालामुखी और सुंदरनगर में अनाथ बच्चों के लिए दो स्टेट ऑफ द आर्ट आश्रम बनाने जा रही हैं, जिनकी आधारशिला जल्द ही करेगी। उन्होंने सभी को दीवाली की शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक हरीश जनार्था, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान, महापौर शिमला सुरेंद्र चौहान, उप महापौर उमा कौशल, ओएसडी रितेश कपरेट, निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग रूपाली ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**वितरित किया**

**8 जिला शिमला के बालिका आश्रम टूटीकंडी में बच्चों के साथ दीवाली का उत्सव मनाया तथा उन्हें मिठाई वितरित किया**

# मुख्यमंत्री ने ओक ओवर में मनाई दीवाली



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने सरकारी आवास ओक ओवर में आम लोगों के साथ दीवाली पर्व मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ अधिकारी, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा आम लोगों ने उन्हें दीवाली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए उनके लिए सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कामना की कि दीवाली का पर्व हम सबके जीवन में खुशियों का उजाला लाए और हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए सभी मिलजुल कर प्रयास करें।

# पावंटा पहुंचने पर गोल्ड मेडलिस्ट खिलाडियों का भाजपा ने किया जोरदार स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**पांवटा** साहिब में राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में गोल्ड मेडलिस्ट सिरमौर की बेटियां पहुंची। जहाँ उनका पांवटा भाजपा मंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भाजपा मंडल सदस्यों में बीडीसी चेयरमैन, महामंत्री हितेंद्र कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत चौधरी, महामंत्री तरनजीत गिल, सुभाष, यसपाल, पवन, मंडल मीडिया प्रभारी सुखविंदर सिंह मौजूद रहे।

हितेंद्र कुमार ने देश की बेटियों को टोपी और शाल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा की इन बेटियों ने पांवटा साहिब सिरमौर हिमाचल प्रदेश के साथ*-साथ देश का भी नाम रोशन किया है।

**रोशन किया**

**8 इन बेटियों ने पांवटा साहिब सिरमौर हिमाचल प्रदेश के साथ*-साथ देश का भी नाम रोशन किया है**

# बुजुर्गों तथा विधवा महिलाओं में वितरित किए गर्म वस्त्र



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर के श्री नयना देवी जी विस क्षेत्र के ग्वालथाई में टीडल लैबोरेट्रीज प्रा. लि. ग्वालथाई की ओर से स्थानीय बुजुर्गों और विधवा महिलाओं को सर्दियों के बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कंपनी के प्रबंध निदेशक बी अनंतरामन और उनकी बहन शामला रामनथन की ओर से ग्वालथाई पंचायत के बुजुर्गों व विधवा महिलाओं को गर्म शॉल दिए गए। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ग्वालथाई के प्रधान राम लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

# मिश्रवाला में आग की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवती झुलसी, गंभीर हालत में रेफर



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उपमंडल पांवटा साहिब स्थित मिश्रवाला में एक 20 वर्षीय युवती आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गई है। जानकारी के मुताबिक परिजनों का कहना है की रूकसार उम्र 20 वर्ष पुत्री अलीशेर निवासी पोस्ट ऑफिस मिश्रवाला तहसील पांवटा साहिब अपने घर में अपनी माता जी के साथ नाश्ता करने के बाद रसोई में काम करने चली गई। काम करते समय उसके सर पर स्लैब पर रखा थिनर गिर गया था और वह फिर भी काम में लगी रही, परंतु जैसे ही उसने गैस ऑन किया तो गैस की आंच ने उसको अपनी चपेट में ले लिया।

परिवार के सदस्यों को लगी वे उसको आनंन फानन में उपचार के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब लाया गया। पांवटा साहिब में आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर कमाल पाशा ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 वर्षीय युवती आज की चपेट में आने से लगभग 80प्रतिशत जल चुकी है। लडकी को प्राथमिक उपचार कर आगामी इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया जाता है और पुलिस को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि अभी पीड़िता के बयान नही हो पाए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### महिला मंडल भवन में 15 नवंबर को होगी नेहरू युवक मंडल लघट की महत्वपूर्ण बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

नेहरू यवक मंडल लघट के द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ाने में मदद कर रहा है। इसी कड़ी के चलते नेहरू युवक मंडल लघट के प्रधान सर्वेश कुमार ने बताया की 15 नवंबर को एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक लघट महिला मंडल के भवन में आयोजित की जाएगी।उन्होंने सभी पदाधिकारी से आवाहन किया है कि इस बैठक में शिरकत करें। इस बैठक में आगामी खेलों व अन्य गतिविधियों को लेकर के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। जिसके लिए नए सदस्य भी जोड़े जाएंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य नए सदस्यों को जोड?ा है।

### कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार 14 नवम्बर को सिरमौर प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार 14 नवम्बर 2023 को एक दिवसीय सिरमौर जिला के प्रवास पर रहेंगे। कृषि मंत्री प्रो.चंद्र कुमार 14 नवम्बर को प्रात: 11 बजे गागल शिकोर में पटवारखाना भवन का उदघाटन करेंगे। इसके उपरांत कृषि मंत्री बागथन में दोपहर 12.15 बजे बाल दिवस मेले के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी प्रदान की है।

### नये मतदाताओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का होगा आयोजन :सुमित खिमटा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के निदेर्शानुसार शिलाई क्षेत्र में नये मतदाताओं को मतदान सूची में शामिल करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत रोनहाट में 17 नवम्बर, कमरऊ में 25 नवम्बर और शिलाई में 30 नवम्बर को विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उपायुक्त ने कहा कि इन विशेष कार्यक्रमों के तहत 18 वर्ष से 19 वर्ष के बीच के नये मतदाताओं विशेषकर युवतियों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए पंजीकरण हेतु प्रेरित किया जायेगा। सुमित खिमटा ने शिलाई क्षेत्र की सभी महिला मंडलों, युवा मंडलों तथा आम जन से इन विशेष जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।

# बिलासपुर में मुस्लिम समुदाय के लोग भी हर्षोल्लास से मनाते हैं दीवाली

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

सोशिल मीडिया पर निरंतर प्रसारित एवं प्रचारित हो रही नकारात्मक भ्रांतियां गाहे बगाहे नकारात्मक ही परिणाम देंगी लेकिन पढ़े लिखे एवं सभ्य समाज के बुद्धिजीवी वर्ग पर इनका कोई असर नहीं पड़ता। बिलासपुर एक ऐसा स्थान है जहां पर सामाजिक एवं धार्मिक बंधनों पर आपसी प्रेम भारी पड़ता है। कोई भी कार्य हो इसमें हर जाति हर समुदाय के लोग इतना बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं कि यह त्योहार उनका अपना हो। मौजूदा परिवेष में ऐसे अनूठे कार्यक्रम



षिक्षित होने के साथ साथ जागरूकता का भी संदेष दुनिया को देते हैं। यूं तो दीवाली का पर्व पूरे बिलासपुर नगर में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाता है लेकिन नगर के डियारा सेक्टर में इस पर्व की तैयारियां विशेष रूप से होती हैं। ईद की तरह इस पर्व का भी इंतजार किया जाता है। प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय नवाज मोहम्मद के परिवार द्वारा उनके घर में आज भी यह परंपरा निर्विघ्न कायम हैं। इस परिवार के सभी सदस्यों द्वारा दीवाली का त्योहार भी ठीक उसी तरह मनाया जाता है जैसे यहां पर ईद का पर्व मनाया जाता है। घर के सदस्यों की माने तो दीवाली किसी एक समुदाय का त्योहार न होकर पूरी मानवता का त्योहार है तथा इसे सभी को हंसी खुषी मनाना चाहिए। ये भारतीय संस्कृति की अनूठी मिसाल है तथा त्योहार हमें एक दूसरे के करीब लाते हैं। इन्ही त्योहारों में सम्मिलित होकर प्रेम और उज्जवलता का संचार होता है। रहीशा शेख, आशिमा, शालिमा, ईशू आदि ने बताया कि घर के आंगन के मध्य में भव्य एवं सुंदर रंगोली का निर्माण करने में कम से कम अढ़ाई से तीन घंटे का समय लगाया जाता है। शाम को बाकायदा घर को दीपक और रोषनाई से सजाया जाता है। आकर्शक परिधानों में सजधज कर पूरा परिवार आगंतुकों का स्वागत करते हैं तथा पंरपरानुसार उपहारों का लेनदेन होता है। इन परिवारों ने पूरे रस्मो रिवाज से से दीपावली मनाई तथा समूच विष्व के सुख शांति की कामना ईश्वर से की।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बुआ प्रभु चरणों में हुई लीन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जगत प्रकाश नड्डा के बुआ अपनी सांसारिक यात्रा पूरी कर आज सुबह श्री प्रभु चरणों में लीन हो गईं स वे 104 वर्ष की थी। भगवान उनकी आत्मा को शान्ति दे। इस दुखद घड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, डॉ सिकंदर कुमार, त्रिलोक कपूर और सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने नड्डा और उनके परिवार को सांत्वना व्यक्त की।

# आज होगा कबड्डी प्रतियोगिता के लिए सिरमौर टीम के चयन का ट्रायल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

सिरमौर कबड्डी संघ द्वारा इस वर्ष होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर वूमेन और जूनियर बॉयज और गर्ल्स प्रतियोगिता जो की बिलासपुर में 22 और 23 नवंबर को जूनियर बॉयज और गर्ल्स की तथा 24 को सीनियर वूमेन की प्रतियोगिता होने जा रही है, उसके लिए सिरमौर टीम की चयन का ट्रायल शिलाई के पंचायत मैदान में 14 नवंबर 2023 को सुबह 9 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। जूनियर वर्ग के सभी इच्छुक खेल प्रेमी जिनकी आयु 20 वर्ष से कम हो वह सभी ट्रायल में हिस्सा ले




सकते हैं। जूनियर वर्ग में ट्रायल देने के लिए खिलाड़ी का जन्म एक जनवरी 2004 के बाद की होनी चाहिए तथा लडकों का भार 70 किलोग्राम और लड़कियों का भार 65 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाडि?ों के लिए 100रू ट्रायल फीस निर्धारित की गई है। आयु प्रमाण के लिए कोई दस्तावेज साथ होना जरूरी है। इसके साथ ही सीनियर वर्ग की महिला कबड्डी के लिए भी चयन ट्रायल 14 नवंबर को ही रखा गया है।

सीनियर महिला वर्ग के सिरमौर कबड्डी टीम के लिए चयन देने वाले खिलाडियों के लिए भी 100रू फीस निर्धारित की गई है। सिरमौर कबड्डी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राणा और महासचिव ग्यार सिंह नेगी ने बताया है कि चयनित खिलाडियों के लिए 15 नवंबर से 21 नवंबर, 2023 तक कैंप लगाया जाएगा।

# पहाड़ी से गिरकर घायल हुआ बारासिंघा, विभाग ने किया रेस्क्यू

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

वन्य प्राणी अभ्यारण श्री रेणुका जी में एक बारासिंघा पहाड़ी से गिरकर घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह करीब 11 बजे के आसपास श्री रेणुका जी के समीप दनोई पुल के पास राहगीरों ने सडक किनारे दर्द से कहरा रहे एक बारहसिंघा को देखा जिसका वीडियो बना कर उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद वन्य प्राणी विंग हरकत में आया और घायल बारहसिंगा को रेस्क्यू किया। बताते हैं कि रविवार को यह बारहसिंगा रेणुका के समीप दनोई पुल के पास पहाड़ी से गिरकर घायल हो गया। घायल अवस्था में बारहसिंगा सडक के किनारे दर्द से कहरा रहा था। वीडियो वायरल होने के बाद वन्य प्राणी विंग ने मौके पर पहुंचकर बारहसिंघा को रेस्क्यू किया है। वन्य प्राणी विंग श्री रेणुका जी के डिप्टी रेंजर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि रेणुका संगड़ाह मार्ग पर दनोई पुल के पास एक बारहसिंगा घायल अवस्था में पाया गया। उन्होंने कहा कि जब विभाग को सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंचे और पशुपालन विभाग की टीम को भी मौके पर ही बुलाया गया। उसके बाद बारहसिंगा को रेस्क्यू किया गया। गौर हो की श्री रेणुका जी अभ्यारण में बारहसिंघा जैसे कई दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती है, जो अक्सर शिकारियों के निशाने पर रहती है। गनीमत ये रही कि रविवार



**रेस्क्यू**

**8 गनीमत ये रही कि रविवार को यह बारहसिंगा जो घायल अवस्था में सडक किनारे पड़ा था**

को यह बारहसिंगा जो घायल अवस्था में सडक किनारे पड़ा था इस पर शिकारियों की नजर नहीं पड़ी, जिसके चलते बारासिंघा की जान बच गई। बताते हैं कि श्री रेणुका जी अभ्यारण के आसपास बारहसिंघा अक्सर अभ्यारण की जालियां और फेंसिंग तोडकर जंगल से बाहर निकल जाते हैं जिसके चलते कई मर्तबा वह सहकारियों के हाथ चढ़ जाते हैं।

# '22 करोड़ से पूरा होगा सरस्वती नगर-शराचली सड़क का स्तरोन्नत कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में सरस्वती नगर-शराचली सडक के स्तरोन्नत कार्य का भूमि पूजन किया, जिसका निर्माण कार्य लगभग 22 करोड़ रुपए से पूर्ण किया जाएगा। ग्राम पंचायत थाना के गांव भरोट में लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरस्वती नगर-शराचली सडक क्षेत्र की जीवन रेखा कही जाती है जिसका स्तरोन्नत कार्य अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने कहा कि सडक का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा, जिसके पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि उपचुनाव के उपरांत विधानसभा क्षेत्र की लगभग 58 सडके पास की गई है जिनको चरणबद्ध तरीके से पक्का भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत 2500 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी, जिसमें से जुब्बल-कोटखाई को 12 सडकों के लिए 190 करोड़ रुपए की राशिस्वीकृत हुई है। आगामी 4 वर्षों के भीतर विधानसभा क्षेत्र की सभी सडकों का चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में अकेले शिक्षा विभाग में 6000



रिक्त पदों को भरने की अनुमति प्रदेश मंत्रिमंडल ने दी है जिसकी प्रक्रिया शुरू भी की जा चुकी है। पूरे प्रदेश में 134 महाविद्यालयों में से 105 में प्राचार्य नहीं थे। इस दृष्टि से आवश्यक कार्यवाही करते हुए 85 महाविद्यालयों में नियमित प्राचार्यों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत में एक डंगा, मंदिर निर्माण एवं जल शक्ति विभाग के टैंक की मांग प्राप्त हुई है जिसको पूर्ण करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि लोगों को इन सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस समय प्रदेश सरकार की प्राथमिकता आपदा प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना है। प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रदेश के राहत मैनुअल में संशोधन किया है। इसके साथ ही आपदा प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 4500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारी आपदा से प्रदेश को लगभग 12 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। भारी आपदा के बाबजूद सरकार एवं अधिकारियों के बेहतर समन्वय एवं त्वरित कार्य के बदौलत सेब सीजन का सफल निष्पादन संभव हो सका।

**शिक्षा मंत्री ने किया घूंसा संपर्क मार्ग का लोकार्पण**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज 20 लाख रुपए से निर्मित घूंसा संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया, जिसकी लंबाई लगभग 300 मीटर है। उन्होंने कहा कि सडक के पक्का होने से अब इस गांव के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इसके उपरांत शिक्षा मंत्री ने घूंसा गांव में आपदा से घरों एवं अन्य संपदाओं को हुई क्षति का भी जायजा लिया और आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया।

**शिक्षा मंत्री ने भरोट व घूंसा के लोगों की सुनी समस्याएं**

शिक्षा मंत्री ने इस दौरान भरोट व घूंसा गांव के लोगों की समस्याएं भी सुनी और प्राप्त समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# गिरिपार में छोटी दीवाली से हाटियों की गांधीगिरी शुरू, जय हाटी, जय माटी का नारा किया बुलंद

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**अनुसूचित** जनजाति कानून लागू न होने से हाटी समुदाय में रोष और बढ़ता जा रहा है। कानून लागू करवाने के लिए हाटियों ने छोटी दीवाली से हाटीगीरी की शुरूआत हरिपुरधार से की। इस दौरान यहां जय हाटी, जय माटी का नारा बुलंद किया गया। लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही गिरिपार में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में राज्य सचिवालय के घेराव की भी तैयारी की जा रही है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की प्रतीक हारूलें भी गाई। इसमें महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में नाटी लगाई। महिलाओं ने संकल्प लिया जब तक कानून



लागू नहीं हो जाता है तब तक हाटियों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आंदोलन करेंगी। गिरिपार में दिवाली के दिन मशालें जलाई गई। मशालों के माध्यम से जनता के बीच आंदोलन के लिए तैयार रहने का संदेश दिया गया। हाईकोर्ट में एक छात्रा को मिली राहत से छात्र समुदाय उत्साहित हैं। कोर्ट ने छात्रा को स्कूल काडर के लेक्चरर पद की भर्ती के लिए एसटी कोटे से आवेदन की अनुमति दे दी है। न्याय

**आंदोलन**

**8 लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही गिरिपार में बड़ा आंदोलन किया जाएगा**

पाने के लिए कोर्ट इसलिए जाना पड़ा क्योंकि राज्य सरकार अनुसूचित जनजाति के सर्टिफिकेट जारी नहीं कर रही है। हाटी नेताओं ने कहा कि यह सीधे-सीधे कानून और संविधान की उल्लंघना है। हरिपुरधार के हाटी नेताओं ने कहा कि कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान हाटी मामले में झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने मंत्री के घेराव के भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मंत्री देश की राष्ट्रपति का भी अपमान कर रहे हैं। रोनहाट में दिए बयान पर ये मंत्री पर खूब बरसे। हाटी विकास मंच के पदाधिकारियों ने माता भंगायनी के दरबार में माथा टेका। उन्होंने हाटियों की प्रमुख देवी से हाटी मामले में आशीर्वाद लिया। इनमें हाटी विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंगटा, मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर रमेश सिंगटा, कानूनी सलाहकार श्याम चौहान, हाटी संस्कृति के जानकार सुरेश, हाटी नेता मदन राणा, वेद प्रकाश ठंडू, बलवीर ठाकुर, सहीराम चौहान, राजेंद्र छाजटा, नरेंद्र छोटा, विनय छींटा, गोपाल भंडारी, भीम ठाकुर, सुभाष राणा, पूर्व प्रधान जगत कन्याल, सुभाष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# घुमारवीं के पट्टा में विवाहिता ने लगाया फंदा

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

पुलिस थाना घुमारवीं के अंतर्गत आने वाले कस्बा पट्टा में एक नव विवाहिता ने अपने ससुराल में आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान हेमा देवी पत्नी आशीष धीमान निवासी के रूप में की गई है। इस मामले में पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज करके मृतका के पति आशीष धीमान को हिरासत में ले लिया है तथा पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हेमा देवी की शादी में 2023 में आशीष धीमान के साथ हुई थी। हेमा देवी के मायके गांव बुहाई डाकघर स्वाहण में थे। जानकारी के मुताबिक मृतका ने बीती रात अपने दुपट्टे को कमरे के गाडर के साथ बांधकर आत्महत्या कर ली। उस समय घर पर मृतका की सास व पति ही थे। बताया जा रहा है कि पति ने हेमा देवी को नीचे उतारा



और अस्पताल लेकर गया। जहां से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस थाना प्रभारी विपन चौधरी अपनी टीम सहित अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा अमृत का के पति को हिरासत में ले लिया। सुबह होते ही मायका पक्ष के लोग घुमारवीं पहुंच गए। पुलिस ने इन लोगों से बातचीत की। मृतका के भाई शिव कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसकी बहन एक साहसी व मजबूत लडकी थी। वह आत्महत्या नहीं कर सकती थी। उसका आरोप है कि इन लोगों ने इसकी हत्या की है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया है। उसका अंतिम संस्कार घुमारवीं शमशान घाट पर कर दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है।

# बाबा कमलाहिया मन्दिर में हर रविवार को होगा भण्डारा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

बाबा कमलाहिया मन्दिर धर्मपुर में 9वें सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र चन्द्रशेखर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। 9वें सेवा कार्यक्रम में विधायक चन्द्रशेखर ने मन्दिर को साफ और स्वच्छ रखने में अपना सहयोग दिया। उन्होंने मन्दिर परिसरए सीडि?ों व आसपास के क्षेत्र में सफाई की। इस दौरान धर्मपुर के युवा भक्तों व मन्दिर में आए सभी भक्तों ने भी इस कार्यक्रम में अपना सहयोग दिया। मन्दिर को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने के लिए पिछले 9 वर्षों से प्रत्येक वर्ष यह विशेष कार्यक्रम दिवाली के दिन चलाया



जाता है। इस अवसर पर चन्द्रशेखर ने बाबा कमलाहिया व जालपा माता सकरैणी देवी मन्दिर के श्री चरणों में शीश नवाया तथा धर्मपुर के साथ साथ प्रदेश वासियों के उज्वल भविष्य और खुशहाली की कामना की। उन्होंने दिवाली के सुअवसर पर सभी भक्तों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हुए सभी की समृद्धि, प्यार, सुख शांति और ऐश्वर्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि मन्दिर बहुत ही खुबसुरत स्थान पर स्थित है तथा चारों ओर अच्छा नजारा है तथा इसके स्वरूप को सुन्दर रखने के लिए यह कार्यक्रम बहुत आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रहे सभी युवाओं व भक्तों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मन्दिर के स्वरूप को अधिक सुन्दर बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। मन्दिर परिसर में 16 सीसीटीवी कैमरा तथा 32 सोलर लाईट्स भी लगाई गई हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। अब अन्य श्रद्धालु जो धर्मपुर से बाहर रहते हैं वे सुबह शाम बाबा कमलाहिया कि आरती के लाईव दर्शन भी कर सकते हैं। मन्दिर में इस वर्ष नवरात्रों से मन्दिर में प्रत्येक रविवार को भण्डारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी से मन्दिर में आ कर बाबा कमलाहिया का आशीर्वाद लेने तथा प्रत्येक रविवार यहाँ चलाए जा रहे भण्डारे को ग्रहण करने का आग्रह किया। विधायक ने बाद में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ भी किया।

# 'कबड्डी नेशनल जूनियर के लिए ट्रॉयल भगेड़ स्कूल में आज'

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर /कश्मीर ठाकुर** जिला कबड्डी एसोसिएशन बिलासपुर की तरफ से जूनियर वर्ग की लडके और लड़कियों की जिला की टीमों का चयन करने के लिए 14 नवंबर मंगलवार को ट्रायल रखे गए हैं। ये ट्रायल जिला की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भगेड़ के खेल मैदान में होंगे। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महासचिव विजयपाल चंदेल ने बताया कि जूनियर वर्ग में लडकों के लिए भार सीमा 70 किलोग्राम रहेगी जबकि लड़कियों के लिए यह भार सीमा 65 किलोग्राम रखी गई है। इस ट्रायल में 01-01-2004 के बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। ट्रायल में हिस्सा लेने वाले खिलाडियों को अपने साथ आयु प्रमाण पत्र व आधार कार्ड लाना जरूरी रहेगा। उन्होंने बताया कि ये चयनित टीमें 22 से 24 नवंबर तक बिलासपुर जिला के मार्कंड में होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में बिलासपुर जिला का नेतृत्व करेंगी। वहीं संगठन की तरफ से जिला प्रधान दौलत राम ठाकुर सहित समस्त कार्यकारिणी ने इस बार जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय चैंपियनशिप की मेजबानी बिलासपुर जिला को देने के लिए एसोसिएशन के राज्य प्रधान राजकुमार ब्रांटा और महासचिव कृष्ण लाल का आभार व्यक्त किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल ने दीपावली की शुभकामनाएं दी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से गत सायं राज भवन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने भेंट की और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से गत सायं राज भवन में सांसद प्रतिभा सिंह और लोक निर्माण मंत्री श्री विक्रमादित्य सिंह ने भेंट की और दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### कोटला कलां में अज्ञात शातिरों ने सोने के आभूषण संग चुराई नकदी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**जिला** मुख्यालय के साथ लगते गांव कोटला कलां में अज्ञात शातिरों ने एक घर से सोने के आभूषण सहित नकदी चुराई है। पुलिस ने घर मालिक की शिकायत पर मौके पर पहुंच ब्यान दर्ज किए और जांच पड़ताल शुरू कर दी। साथ ही आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज भी दिखे। पुलिस को दी शिकायत में शतमजीव वशिष्ट निवासी वार्ड नंबर पांच कोटला कलां ने बताया कि रविवार के दिन किसी काम के चलते घर से बाहर गए हुए थे, जबकि घर पर कोई नहीं था। वापिस लौटने पर पाया कि घर का ताला टूटा हुआ और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। शतमजीव वशिष्ट ने बताया कि अज्ञात शातिरों ने अलमारी में रखे सोने की चैनी, टॉप्स, 3 विष्णु मूर्तियां सहित चांदी के तीन छल्ले चुराकर लग गए। इतना हीं नहीं अलमारी में रखे 9 हजार रुपये भी चुरा ले गए। शतमजीव वशिष्ट ने बताया कि शतिर घर से 90 हजार के सामान का चुराने में सफल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ब्यान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी ऊना अर्जित सेन ने हुए कहा कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चौआर में आग लगने से दस लाख का नुक्सान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उपमंडल** अंब के तहत चौआर में आग लगने से स्लेटपोश दुकान में रखा सामान व पशुशाला जलकर राख हो गई। आग की घटना में करीब दस लाख रुपये का नुक्सान हुआ है। वहीं पुलिस ने घटना में संदर्भ में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात उपमंडल अंब के चौआर गांव में अचानक आग लगने से एक व्यक्ति की स्लेटपोश दुकान में रखा समान व पशु शाला में रखा चारा जल कर खाक हो गया। आग से दुकान में बेचने के लिए रखा हुआ सामान व साथ लगती पशुशाला में रखा करीब 8 क्विंटल पशु चारा जलकर खाक हो गया। तिलक राज के अनुसार इस आग की घटना में करीब दस लाख रूपए का नुक़सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौका पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। मगर तब तक आग अपना तांडव दिखा चुकी थी। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 बनाअब तक का सबसे बड़ा ग्राहक और विक्रेता उत्सव!

**शिमला: अ**मेजन ने आज घोषणा की कि उसके महीने भर चलने वाले ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 ने देश भर में अपने ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी समारोह देखा है। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 8 अक्टूबर से शुरू हुआ , जिसमें प्राइम अर्ली एक्सेस के 24 घंटे में, ग्राहकों को स्मार्टफोन, प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक्स, उच्च गुणवत्ता वाले टेली विजन आकर्षक किताबें, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल संबंधी आवश्यक वस्तुएं, फैशन आइटम, मजबूत लगेज, घर की सजावट, और फिटनेस गियर पर आकर्षक ऑफर के साथ शीर्ष ब्रांडों से 5,000 से अधिक नए लॉन्च तक पहुंच प्रदान की गई। 38,000 विक्रेताओं ने अपनी अब तक की सबसे अधिक एक दिन की बिक्री हासिल की और 40 लाख से अधिक नए ग्राहकों अपने पसंदीदा उत्पादों और ब्रांडों के लिए पहली बार खरीदारी की, यह अमेजन इंडिया और उसके भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सीजन था।रोमांचक बैंक छूट और अद्वितीय पुरस्कार के साथ ग्राहकों के लिए खरीदारी को अधिक किफायती बनाया गया था, जिससे ग्राहकों को 600 करोड़ से अधिक की बचत करने में मदद मिली।अमेजन इंडिया ने पूरे भारत में 19,000 से अधिक पिन-कोड से अधिक के लिए कम से कम एक बॉक्स खुशी का प्रदान किया, जिसमें 80 प्रतिशत नए ग्राहक टियर 2 और उससे नीचे के शहरों से आ रहे हैं।अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान लेनदेन करने के 48 घंटों के भीतर प्राइम सदस्यों के लगभग आधे ऑॅर्डर वितरित कर दिए गए थे।

# ऐतिहासिक विश्वकर्मा मंदिर में शुरू हुआ तीन दिवसीय मेला



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**नगर** परिषद संतोषगढ़ के ऐतिहासिक विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार को 75वें वार्षिक विश्वकर्मा पूजा एवं उत्सव का आगाज किया गया। दीपावली के दिन अपने औजारों को विधिवत पूजा अर्चना के बाद विश्राम देकर आए हजारों कामगारों ने संतोषगढ़ पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा अर्चना की और आने वाले वर्ष में तरक्की का आशीर्वाद मांगा। भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर परिसर से लेकर संतोषगढ़ के पुराना बस अड्डे तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। इस मंदिर में न केवल हिमाचल बल्कि हरियाणा और पंजाब के भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिवर्ष वार्षिक मेले में माथा टेकने के लिए पहुंचते हैं। तीन दिन तक चलने वाले इस वार्षिक उत्सव में लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंच रहे हैं। विभिन्न रागी जत्थे भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान करने के लिए भी मंदिर परिसर में पहुंचे हैं। बता दें कि दीपावली की शाम विभिन्न कामकाजी लोग अपने औजारों को विधिवत्त पूजा अर्चना करके विश्राम देते हैं और अगले दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने के बाद ही वापस काम की शुरूआत की जाती है। मंदिर परिसर में विश्वकर्मा पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन संतोषगढ़ के पुराना बस स्टैंड तक जा पहुंची थी। मंदिर के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने कहा कि वह सालों से यहां पर माथा टेकने के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं में हरदीप सिंह, गुरमुख सिंह व कर्म चंद का कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी न किसी मैकेनिक या टेक्निकल काम के साथ जुड़ा हुआ है, वह जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर इस मेले में पहुंचता है और भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि इस मंदिर की महानता है कि यहां पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने से कामकाज में वृद्धि होती है और उन्नति मिलती है।

वहीं मंदिर कमेटी की पदाधिकारी भजन सिंह मान ने बताया कि 75 वर्ष से इस मंदिर परिसर में विशेष विश्वकर्मा पूजा का आयोजन दिवाली से अगले दिन किया जाता है।

## दगड़ाह में परिवारिक सदस्यों संग मारपीट, दपंति जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना बंगाणा के तहत दगड़ाह में परिवारिक सदस्यों संग मारपीट हुई है। मारपीट में जख्मी दंपति का थानाकलां अस्पताल में मेडिकल व उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मधुवाला निवासी दगड़ाह ने बताया कि गत दिवस अपने पति मस्त राम व बेटे रीतिक सहित अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान सुरजीत सिंह अपनी पत्नी व बेटे संग घर के बाहर आकर गाली गलोच करने लगे।

# 'गारंटियां पूरा होने का इंतजार कर रही जनता, फेल हुई कांग्रेस की हर गारंटी'

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**हिमाचल** प्रदेश की जनता पिछले 10 महीने से कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटीयों को पूरा होने का इंतजार कर रही है ।यह बात सिरमौर जिला भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश गर्ग ने यहां जारी एक बयान में कही। राकेश गर्ग ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने लोगों को गारंटीयां देकर वायदा किया था कि सत्ता में आकर इन सभी गारंटीयों को कांग्रेस पूरा करेगी। राकेश गर्ग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही



है वहीं कांग्रेस के नेता अब लोगों को कोई जवाब नहीं दे पा रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ओपीएस की गारंटी पूरी करने का दावा कर रही है मगर हकीकत यह है कि हिमाचल प्रदेश में पेंशनरों को ओपीएस भी नहीं मिल पा रही है वहीं उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रति माह 1500 देने के दावे और युवाओं को रोजगार के वायदे भी खोखले साबित हो रहे है। राकेश गर्ग ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस द्वारा दी गई झूठी गारंटीयों का असर देखने को मिलेगा और एक बार फिर प्रदेश में भारी बहुमत के साथ लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हिमाचल प्रदेश में बढ़त मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब देश के पांच प्रदेशों में चुनाव होने जा रहे हैं।और कांग्रेस के नेता वहां भी

# गुरूद्वारा नानकसर साहिब कोट में मनाया बंदी छोड़ दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

जिला के उपमंडल घुमारवीं के गुरुद्वारा नानकसर साहिब कोट में बंदी छोड़ दिवस और दिवाली पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी मेहर सिंह ने बताया कि हर साल दिवाली के दिन निशान साहिब की सेवा की जाती है एवं पाठ का आयोजन किया जाता है। कार्यलम के अंत में गुरु के लंगर का अटूट आयोजन किया जाता है। जिसमें आसपास के गांवों के सैंकड़ों लोग भाग लेते हैं। गुरु के कीर्तन में लीला एवं ज्ञान कौर ने हाजरी लगाई। गुरदीप सिंह ने शब्द कीर्तन में योगदान दिया। इस मौके पर रंजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, त्रिलोक सिंह,



करतार सिंह, मंजीत सिंह, भगत सिंह, माखन सिंह, प्रीतम सिंह, नीलम कौर, दर्शन कौर, सोनू, आदि श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इस दिन गुरु हर गोबिंद सिंह जी ने 52राजाओं को ग्वालियर के किले से जहांगीर के कैद से मुक्त करवाया था। तत्पश्चात गुरु जी अमृतसर पहुंचे। दिवाली के दिन आने पर सब ने घी के दीप जलाए और खुशियां मनाई। उसी दिन से सिख इतिहास में दिवाली को बंदी छोड़ दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# केंद्र में तीसरी बार जीत का परचम लहराएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: रावत

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/एसपी जैरथ**

**सिरमौर** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को बयान जारी करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकास के दम पर लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेंगे। रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमीनी स्तर के नेता है। इसलिए वह जमीनी हकीकत को भली भांति जानते हैं और उन्होंने जमीनी स्तर के लोगों के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। रावत ने बताया



कि आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना भी देश के किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। रावत ने बताया कि इसी तर्ज पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई है। जैसे हिम केयर योजना, मुख्यमंत्री ग्रहणी सुविधा योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, मुख्यमंत्री सहारा योजना के अतिरिक्त और भी बहुत सारी योजनाएं चलाई है। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार ने कुछ योजनाएं बंद कर दी है। जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की सरकार को बने हुए एक वर्ष होने वाला है। एक वर्ष के बाद भी सारे विकास कार्य बंद पड़े हैं।

## उपमुख्यमंत्री होंगे लवी मेला के समापन समारोह में मुख्यातिथि

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

उपमुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश मुकेश अग्निहोत्री 14 नवंबर 2023 को जिला शिमला के रामपुर उपमंडल में आयोजित किये जा रहे 4 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2023 के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री 14 नवंबर को दोपहर 2 बजे रामपुर पहुंचेंगे और 3 बजे अंतरराष्ट्रीय लवी मेला के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके पश्चात वह अंतरराष्ट्रीय लवी मेला 2023 की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में भी उपस्थित रहेंगे।

# 'सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई'

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा निष्पादन का प्रबंधन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाना अत्यंत जरूरी है। इस दिशा में समय-समय पर जिला के सभी विभागों को दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। सभी सम्बन्धित विभाग अपने-अपने क्षेत्र में कचरे के निष्पादन के लिए अब तक उठाये गये पगों की एक्शन टेकन रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें।उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने आज गुरूवार को नाहन में जिला पर्यावरण योजना-2023 की समीक्षा के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। सुमित खिमटा ने साडा क्षेत्रों, नगर




निकायों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा, विशेषकर ठोस कचरा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस संबंध में व्यापक जागरूता उत्पन्न करने के लिये शहरी और ग्रामीण स्तर पर जागरूकता शिविरों के आयोजन पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं जायेगा। सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक तथा अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक सामान के विक्रय पर ठोस कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ चालान करने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पवन शर्मा ने बैठक का संचालन करते हुए जिला पर्यावरण योजना सम्बन्धी विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विभागों से प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निर्धारित मापदंडों की अनुपालना के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अभिषेक मित्तल, जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर, जिला आयुर्वेद अधिकारी डा.राजन सिंह, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विजय हमलाल, अधिशासी अभियंता जल शक्ति जगबीर वर्मा, वन मंडल अधिकारी राम पाल, जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक साक्षी सत्ती के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी ने एड्स के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**सोमवार** को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू चंबा लाइट् मोटर वीहकल प्रशिक्षु प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्हें संबोधित करते हुए जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी डॉ हरित पुरी ने एड्स कंट्रोल सोसाइटी चंबा द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है उन्होंने इस बीमारी के लक्षण और बचाव तथा फैलने के कारणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपनी शारीरिक जांच करवानी चाहिए उन्होंने बताया कि सभी व्यक्तिओं को स्वेच्छापूर्वक



रुप से अपनी एचआईवी की जांच करवानी चाहिए उन्होंने बताया कि अभी तक जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाडी में एचआईवी की जांच निशुल्क करवा सकते हैं जिस की जानकारी विभाग द्वारा गोपनीय रखी जाती है उन्होंने बताया कि एचआईवी के प्रति किसी भी जानकारी के लिए एड्स कंट्रोल सोसायटी भारत सरकार द्वारा जारी 1097 टोल फ्री नंबर पर किसी भी समय कॉल करके एचआईवी एड्स के प्रति जानकारी हासिल कर सकता है उन्होंने उन्होंने बताया कि हम सभी को समाज के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करते हुए हर व्यक्ति को एचआईवी की जानकारी देना और जांच के प्रति प्रेरित करना होगा। इस शिविर में 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## पंजावर में रास्ता रोककर युवक से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**थाना** हरोली के तहत पंजावर में एक युवक का रास्ता रोककर कड़े से हमला करने का मामला सामने आया है। मारपीट में युवक लहुलूहान हुआ है, घायल युवक क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो सगे भाईयों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार निवासी पंजावर ने बताया कि दीपावली की रात अपने मासी के बेटे अमनदीप संग स्कूटी पर घर जा रहा था। पंजावर गैस एजेंसी के समीप चाचा के बेटे युवराज व अमनदीप ने स्कूटी रोकर बतमीजी करने लगे। इतने में युवराज ने मेरे मासी के बेटे अमनदीप को गले से पकड़ा और हाथ में पहने हुए कड़े से अमनदीप के सिर पर कई वार किए तथा लातों-मुक्कों से मारपीट करी। कड़े के हमले से अमनदीप लहुलूहान हो गया। मौके पर पहुंचे परिवारिक सदस्यों ने घायल अमनदीप को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर गए, जहां पर अमनदीप का उपचार जारी है।

# पधर में टी स्टाल कम कन्फेक्शनरी शॉप जल कर राख

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**पधर** बाजार में दीपावली की रात को एक टी स्टाल कम कन्फेक्शनरी शॉप जल कर राख हो गई। घटना देर शाम करीब सात बजे घटित हुई। जिस दौरान दुकानदार दुकान को बंद कर घर चला गया था। स्थानीय लोगों ने दुकान को दहकता देख अग्निशमन विभाग को घटना से अवगत करवाया। लेकिन फायरब्रिगेड का वाहन पहुंचने से पहले ही दुकान जल कर राख हो गई थी। दमकल कर्मियों ने आस पास की दुकानों को सुरक्षित बचा लिया। आग लगने का कारण शार्ट शर्किट बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार जगदीश कुमार स्पूत्र टोडर राम निवासी बसेहड़ डाकघर पधर सिविल अस्पताल पधर के समीप चाय और



कन्फेक्शनरी की दुकान करता था। दीपावली के दिन परिवार संग त्यौहार मनाने जल्दी घर चला गया। घर पहुंचा ही था कि दुकान में आग लगने की सूचना मिल गई। आनन फानन में वापिस पधर पहुंचा तो दुकान चहुं ओर से आग से भडक गई थी। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन दुकान में रखा सारा सामान तब तक जलकर राख हो चुका था। प्रभावित जगदीश कुमार के मुताबिक दुकान में रखे दो फ्रिज और अनुमानित दो लाख का सामान सब राख हो गया। पुलिस ने घटना का मामला दर्ज कर घटना के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है। पंचायत समिति सदस्य कविता चौहान ने पीड़ित दुकानदार के नुकसान की भरपाई की गुहार उपमंडल प्रशासन से लगाई है।

# बीटन में दो गुटों के बीच मारपीट, पुलिस कर्मी सहित दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
थाना हरोली के तहत बीटन में दो गुटों के बीच मारपीट करने का मामला सामने आया हैं। मारपीट में चले तेजधार हथियार के चलते पुलिस कर्मी सहित तीन घायल हुए हैं। सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पहले पक्ष की ओर पुलिस को दी शिकायत में दिनेश कुमार निवासी बीटन ने बताया कि रविवार शाम दंगल मेले से वापिस घर की ओर जा रहा था। घर से कुछ दूरी पर गांव के ही विनोद कुमार, अनिल कुमार, अमनदीप, चंद्र देव, गुरप्रीत, विनोद कुमार (अज्जू), गुरविंद्र, रुजल, राकेश कुमार व बाल किशन बिना किसी कारणवश मेरे साथ लड़ाई झगड़ा करने लग गए। तभी विनोद कुमार (विक्की) ने दिनेश कुमार के सिर पर गंडासे से प्रहार किया। जिससे दिनेश कुमार गंभीर रुप से घायल हुआ हैं। स्थानीय लोागें की मदद से दिनेश कुमार क्षेत्रीय अस्पताल ऊना जे लाया गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मिली शिकायत में अनिल कुमार निवासी बीटन ने बताया कि वह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। छुट्टियों के चलते वह घर पर आया हुआ हैं। गत रोज विनोद कुमार (विक्की) ने बताया कि गांव के ही दीपक इसे फोन पर गाली गलोच कर रहा हैं तथा जान से मारने की धमकियां भी दे रहा हैं। इसी दौरान जब विनोद कुमार (विक्की) संग दीपक के घर उससे बात करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में दीपक कुमार, दिनेश कुमार, धर्मेंद्र, रमन कुमार, गोगी, बिंदू, मोहित व बिल्ला ने इनका रास्ता रोककर लात घूसों के साथ मारपीट करने लग गए। अनिल कुमार ने बताया कि दिनेश कुमार ने इसके ऊपर गंडासे से प्रहार किया हैं, जिससे अनिल कुमार को गंभीर चोटें आई हैं।

# मतदाता सूचियों की गतिविधियों के पर्यवेक्षण हेतु मण्डलायुक्त कांगड़ा प्रेक्षक नियुक्त

## निर्वाचन अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रेक्षण करेंगें

**टीम एक्शन इंडिया/चम्बा/हामिद**
सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एवं तहसीलदार निर्वाचन चम्बा अनूप डोगरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला चम्बा के पाँचो विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की गतिविधियों के पर्यवेक्षण हेतु मण्डलायुक्त कांगड़ा अब्बू शाइनामौल, भा.प.से. को 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर 2023 तक चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के दौरान पर्यवेक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। तहसीलदार निर्वाचन ने यह भी बताया कि इस विशेष



संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान मतदाता सूची प्रेक्षक, प्राप्त हो रहे दावे व आक्षेपों के निपटारे की गुणवता, मतदाता सूचियों में लिंग अनुपात, जनसंख्या अनुपात व आयु वर्ग वार पंजीकरण के अन्तर को कम करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रेक्षण करेंगें तथा पाई गई विसंगतियों के निवारण हेतु सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित करेंगें। उन्होंने यह भी बताया कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्रेक्षक 3 बार क्षेत्रीय दौरे करेंगे प्रथम बैठक मण्डलायुक्त कांगड़ा की अध्यक्षता में जिला चम्बा के समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 08 नवंबर 2023 बुधवार को आयोजित की गई। तहसीलदार निर्वाचन अनूप डोगरा ने यह भी बताया कि किसी भी राजनैतिक दल या सर्वसाधारण को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के सन्दर्भ में यदि कोई विषय प्रस्तुत करना हो तो वे मतदाता सूची प्रेक्षक से दूरभाष मण्डलायुक्त कांगडा, मतदाता सूची प्रेक्षक कांगड़ा मण्डल को 94970-34035 पर सम्पर्क कर सकतें है। अनूप डोगरा ने पात्र नागरिकों से आग्रह किया है कि इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का लाभ उठाने के लिए वे 9 दिसंबर 2023 से पहले अपने नाम सम्बन्धित मतदाता सूची में सम्मलित करवायें व देश के लोकतन्त्र सुदृढ बनाने में अपनी भागेदारी दें।

## छह मेधावियों को मिले लैपटॉप

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**राजकीय** महाविद्यालय दौलतपुर के छह मेधावियों को श्रीनिवासा रामानुजन स्टूडेंट डिजिटल डिवाइस योजना के तहत लैपटॉप मिले हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. युद्धवीर सिंह ने बताया कि 2021-22 के छह टॉपर्स को लैपटॉप प्रदान किये गए। उन्होंने कहा कि बीकॉम में 8.71 सीजीपीए हासिल करने वाली वैशाली एवं प्रिया ठाकुर, बीकॉम में 8.69 सीजीपीए हासिल करने वाली सुरुचि एवं 8.51 सीजीपीए हासिल करने वाली रीटा और 8.42 सीजीपीए हासिल करने वाली शिवानी ठाकुर के अलावा बीएससी की ख्याति शर्मा शामिल हैं।

# धामी में अनोखी परंपरा, दो पक्षों में हुई पत्थरों की बरसात

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला :**
शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हलोग धामी में दिवाली के दूसरे रोज सदियों से चली आ रही पत्थर के खेल की अनोखी परंपरा को पूरे उत्साह और जोश से निभाया गया। सोमवार को दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे शुरू हुए पत्थर के खेल में दोनों ओर से करीब आधा घंटा तक पत्थरों की बरसात हुई। सती का शारड़ा चबूतरे के दोनों ओर खड़ी टोलियों जठोती और जमोगी के बीच जमकर एक-दूसरे के ऊपर पत्थरबाजी हुई।

अंत में जठोती के अक्षय वर्मा (23) और जमोगी के दलीप वर्मा को पत्थर लगने के बाद खेल समाप्त किया गया। इन दोनों के सिर से



निकले खून से भद्रकाली के मंदिर में जाकर तिलक कर परंपरा को पूरा किया गया। दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। ढोल नगाड़ों की थाप के साथ हुए इस पत्थर युद्ध में करीब डेढ़ सौ युवाओं ने भाग लिया, वहीं हजारों की भीड़ ने खेल देखने का आनंद लिया। खेल का चौरा में आधे घंटे तक ट्रैफिक बंद किया गया था, जिससे धामी-शिमला और धामी-गलोग सड़क पर वाहनों की आवाजाही नहीं हुई। राज परिवार के उत्तराधिकारी जगदीप की अगुवाई में निकली शोभायात्रा शिमला। राज दरबार में स्थित नरसिंह देवता के मंदिर में पूजा-अर्चना किए जाने के बाद पुजारी देवेंद्र भारद्वाज ने राज परिवार के उत्तराधिकारी जगदीप सिंह को रक्षा का फूल दिया गया। इस फूल के साथ दरबार से मेला स्थल खेल का चौरा के लिए ढोल-नगाड़ों के साथ शोभायात्रा निकली। इसमें कंवर देवेंद्र सिंह, दुष्यंत सिंह, रणजीत सिंह , गोविंद सिंह,देवेंद्र भारद्वाज सहित अन्य आयोजकों ने भाग लिया। सती का शारड़ा खेल चौरा पहुंचने पर पत्थर के खेल को शुरू करने का इशारा हुआ। धामी रियासत के उत्तराधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि सैकड़ों वर्ष पूर्व रियासत और क्षेत्र की जनता की सुख-शांति के लिए क्षेत्र में नरबलि की प्रथा थी।

# शिक्षा मंत्री ने किया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**प्रतियोगिता**

8 द्वितीय स्वर्गीय परमानंद पनाटू मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**
**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत रावीं के गांव ढाड़ी में नवयुवक मंडल ढाड़ी द्वारा आयोजित द्वितीय स्वर्गीय परमानंद पनाटू मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह क्षेत्र पुराने समय से वॉलीबॉल के लिए जाना जाता है। इस खेल को जीवंत रखने के लिए उन्होंने युवक मंडल को बधाई दी।

**स्पोट्र्स हॉस्टल की संख्या को बढ़ाने के किए जाएंगे प्रयास**
रोहित ठाकुर ने कहा कि इस तरह के खेलकूद गतिविधियां जहां आजकल की पीढ़ी को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करती हैं, वहीं मनुष्य का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित करती हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ाने के प्रयास किए जायेंगे ताकि छात्रों को उसका पूर्ण लाभ मिल सके। उन्होंने कहा



कि प्रदेश में अब तक 9 स्पोट्र्स हॉस्टल हैं जिनकी संख्या को बढ़ाने के भी प्रयास किए जाएंगे।

**क्षेत्र की सडकों के सुधारीकरण के लिए किए जा रहे है प्रयास**
रोहित ठाकुर ने कहा कि भारी आपदा से प्रदेश को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है तथा क्षेत्र में सडकों के अधिक जाल के कारण अकेले जुब्बल कोटखाई में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 123 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इन सडकों के सुधारीकरण के लिए प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता एवं अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय के चलते सेब सीजन में लगभग 2 करोड़ पेटियों का सफल परिवहन सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां प्राप्त मांगों पर उचित कार्यवाही कर चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ढाड़ी के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है तथा अतिरिक्त आवश्यकता पड? पर उसे भी पूर्ण किया जाएगा।

उन्होंने नवयुवक मंडल को खेल आयोजन के लिए 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, जिला परिषद सदस्य कौशल मूंगटा, स्थानीय पंचायत प्रधान सुधीरा पनाटू, बीसीसी उपाध्यक्ष यशवंत जस्टा, निदेशक हिमफेड भीम सिंह झोटा, उपमंडलाधिकारी ना.राजीव सांख्यान, नवयुवक मंडल अध्यक्ष पुनीत पनाटू, सचिव मोहित सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बर्फबारी से पर्यटन कारोबार को मिलेगी संजीवनी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला :**
ताजा बर्फबारी से हिमाचल में पर्यटन कारोबार को संजीवनी मिली है। पर्यटक वाहनों पर प्रदेश सरकार की ओर से लगाए गए दोहरे टैक्स के बाद बीते दो महीनों से कम संख्या में ही सैलानी प्रदेश के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। रोहतांग पास, लाहौल-स्पीति, चांशल सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर अच्छी बर्फबारी के बाद सैलानियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। दोहरे टैक्स की मार से दुर्गा पूजा टूरिस्ट सीजन बुरी तरह पिटने के बाद दिवाली की छुट्टियों में भी कम संख्या में ही सैलानियों ने हिमाचल का रुख किया। हालांकि



सरकार ने अब दोहरे टैक्स में भारी कटौती कर 3000 रुपये प्रति दिन से घटाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दिया है, लेकिन सरकार की ओर से दी गई इस राहत की जानकारी बाहरी राज्यों के पर्यटकों और ट्रेवल एजेंटों तक नहीं पहुंच पाई है। विंटर टूरिस्ट सीजन के दौरान बर्फबारी के बाद हर साल हिमाचल में सैलानियों का तांता लगता है। बर्फ में अठखेलियां करने के लिए देश भर से सैलानी कुल्लू-मनाली, शिमला-नारकंडा, लाहौल-स्पीति का रुख करते हैं। क्रिसमस और न्यू ईयर पर अगर हिमाचल में बर्फबारी हुई तो रिकॉर्ड संख्या में सैलानियों के पहुंचने की उम्मीद है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी सहित अन्य साथ लगते राज्यों से सैलानी क्रिसमस और न्यू ईयर मनाने के लिए हिमाचल के पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। बर्फबारी होने पर इनकी संख्या दोगुनी हो जाती है। दुर्गा पूजा और दिवाली पर बंगाल और गुजरात से बहुत कम संख्या में सैलानी हिमाचल पहुंचे हैं।

## बनगढ़ में जमीनी विवाद के चलते दो गुटों में चली लाठियां

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
**थाना** मैहतपुर के तहत बनगढ़ में जमीनी विवाद के चलते दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। लाठियों व पत्थर से हुए हमलें में बाप-बेटे सहित तीन घायल हुए हैं, जिनका नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व मेडिकल करवाया गया। पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पहले पक्ष की ओर से मिली शिकायत के आधार पर रमेश चंद निवासी भटोली ने बताया कि रविवार के दिन जब अपनी भूमि से पत्थर को हटा रहा था, तभी गांव के ही राम किशन व उसके वेटे संजू ने बिना किसी कारण उसके ऊपर पत्थर से हमला कर दिया।

# ससुराल गए युवक की जलकर मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

**मंडी:** हिमाचल के मंडी जिले में दिवाली मनाने ससुराल गए युवक की जलने से मौत हो गई। आग में 90 फीसदी से अधिक झुलसे नवीन ने हमीरपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ा। मामला जिले के सैण गांव में सामने आया है। इधर, पिता प्रकाश चंद का आरोप है कि नवीन पर उसकी पत्नी ने तेल छिड़का और सास ने आग लगा दी। उसके बाद साले और ससुर ने उसे आंगन में फेंक दिया। पिता की शिकायत पर सरकाघाट पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सरकाघाट के बड़ाल गांव

**आग लगा दी**

8 पिता प्रकाश चंद का आरोप है कि नवीन पर उसकी पत्नी ने तेल छिड़का और सास ने आग लगा दी

निवासी प्रकाश चंद ने पुलिस को बताया कि 11 नवंबर को उन्हें फोन आया कि उनका बेटा जल गया है। वह तुरंत अपने समधी के घर सैण पहुंचा तो देखा नवीन कुमार जली अवस्था में आंगन में पड़ा है। पुलिस की मदद से बेटे नवीन को इलाज के लिए सिविल अस्पताल सरकाघाट पहुंचाया। यहां से उसे हमीरपुर रेफर कर दिया गया। हमीरपुर में उपचार के दौरान नवीन ने दम तोड़ दिया। नवीन के शरीर का अधिकतर हिस्सा जल गया था। पिता ने पुलिस को बताया कि अस्पताल ले जाते समय बेटे नवीन ने उन्हें बताया कि पत्नी ने उस पर तेल फेंका और सास ने आग लगाई। उसके बाद ससुर और साले ने आंगन में फेंक दिया। पिता के अनुसार वर्ष 2015 में उसने सैण की लड़की के साथ लव मैरिज की थी। नवीन फरीदाबाद में शीशे की दुकान पर नौकरी करता था।

# दिवाली पर 40 जगह लगी आग, एक करोड़ से अधिक की संपति स्वाहा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**
हिमाचल प्रदेश में दिवाली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की। छोटी और बड़ी दिवाली की रात प्रदेशभर में 40 जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आई। ज्यादातर अग्निकांड के मामले रविवार की रात घटित हुए। इन घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक 40 में से हाउस फायर की 19 और फारेस्ट फायर की तीन घटनाएं हुई हैं। जबकि 18 अन्य आग जनित घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में एक करोड़ 13 लाख की संपति राख हुई, जबकि विभाग ने 10 करोड़ 51 लाख की संपति को



राख होने से बचाया। कांगड़ा जिला में अग्निकांड की सबसे ज्यादा 11 घटनाएं हुईं। शिमला जिला में नौ जगह आग लगी। इसी तरह सोलन में आठ, हमीरपुर व मंडी में तीन-तीन, सिरमौर व ऊना में दो-दो, किन्नौर, कुल्लू व लाहौल-स्पीति में आग लगने की एक-एक घटना सामने आई। चम्बा और बिलासपुर जिलों में अग्निकांड के कोई मामले दर्ज नहीं किये गए। वहीं नुकसान की बात करें तो किन्नौर जिला में सबसे ज्यादा 70 लाख की संपति आग से तबाह हुई। कांगड़ा जिला में 11.76 लाख, सोलन में 11 लाख, शिमला में 6.62 लाख, हमीरपुर में 5.85 लाख औरमंडी में 2.70 लाख की संपति का नुकसान हुआ है।

**अधिकांश घटनाओं में आतिशबाजी के कारण हुए अग्निकांड:** अग्निकांड की अधिकांश घटनाओं की वजह पटाखे व आतिशबाजी मानी जा रही है। आग की इन घटनाओं में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों की संपति खाक हो गई। अधिकांश जगहों पर अग्निशमन की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाकर बड़ा नुकसान होने से बचा लिया। अग्निकांड की अलग-अलग घटनाओं में मकान, दुकान और गौशालाएं चपेट में आये।

**हमीरपुर शहर में निजी बस आग से खाक :** हमीरपुर शहर के बस अड्डे पर खड़ी निजी बस आग से खाक हो गई। दीपावली की शाम निजी बस में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना के दौरान बस अड्डे पर साथ में खड़ी बसों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकल गया। मौके पर दमकल वाहनों ने पहुंच पर आग पर काबू पाया। हादसे में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ।

**शिमला में दो भाइयों का आशियाना जला :** शिमला जिला के रामपुर उपमंडल की ननखड़ी तहसील के गांव बनोला में दो चचेरे भाइयों का मकान आग से राख हो गया। इनके घर के साथ घासनी में दिवाली की रात आग लगी थी। आग फैलते फैलते उनके घर को लग गई थी।

## न्यूज फ्लैश

### कैंटर और कार की भिड़त में व्यक्ति की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुनक रोड** पर गांव गगसीना के पास कार और कैंटर की टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घटना के बाद कैंटर का ड्राइवर फरार हो गया। मरने वाला दो बच्चियों का पिता था। मृतक की पहचान 30 वर्षीय हरविंद्र के रूप में हुई है। उसके दोस्त संजय ने बताया कि हरविन्द्र और उसका बड़ा भाई खेतीबाड़ी का काम करते थे। शनिवार देर शाम वह अपने साले को गाड़ी में मुनक छोड? के लिए गया हुआ था। देर रात जब वह वापस घर आ रहा था तो गांव गगसीना के पास सामने से आ रहे कैंटर चालक ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गए। वहीं हादसे के बाद कैंटर चालक हरविन्द्र को गाड़ी में ऐसे ही छोडकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद रात को सडक से गुजर रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हरविन्द्र को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लेकर आया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुनक थाना के जांच अधिकारी श्रीभगवान ने बताया कि रविवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

### नहर में मिला युवक का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** दीपावली के दिन एक परिवार का इकलौता चिराग बुझ गया। युवक का शव संदिग्ध हालत में यमुना नहर से बरामद हुआ है। परिजनों का आरोप है कि तांत्रिक द्वारा उसके बेटे पर तंत्र विद्या की गई और रात को 12 बजे उसी ने उनके इकलौते बेटे को यमुना में हाजिरी लगाने के लिए भेजा था। तांत्रिक ने ही दीपावली के दिन उनके बेटे की बलि दी। जानकारी देते हुए मृतक 22 वर्षीय संदीप निवासी चौगांवा के पिता धर्मपाल ने बताया कि रात को तांत्रिक ने उसके बेटे संदीप को उसके दोस्तों के माध्यम से गांव चंद्राव में बुलाया। उसके बाद उसके बेटे को यमुना नदी पर रात 12 बजे हाजिरी देने के लिए भेज दिया। उसके बाद उसके बेटे का शव आज दोपहर को यमुना नहर से बरामद हुआ है। पिता का आरोप है कि उसके बेटे की तांत्रिक ने दीपावली के त्योहार पर बलि दी है।



मृतक के पिता ने बताया कि उसे पता भी नहीं था कि उसका बेटा रात को किस टाइम तांत्रिक के पास गया। वह कल शाम को ही अपनी ड्यूटी पर चला गया था। सुबह ग्रामीणों ने ही उसे सूचना दी कि उसका बेटा यमुना नहर में डूब गया है। लेकिन उसे विश्वास नहीं हुआ। वह ड्यूटी से सीधा घर पहुंचा और संदीप को उसके कमरे में जाकर देखा तो वह कमरे में नहीं था। उसके बाद वह यमुना नदी पर गया तो मेरा परिवार उजड़ चुका था। सामने मेरे बेटे की लाश को नहर से लोग निकाल रहे थे।
इंद्री थाना के प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद लग पाएगा।

### थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान 12 नवम्बर 2023 को थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने प्रबन्धक थाना मुलाना निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी रफी व आकाश निवासी विष्णु नगर जगाधरी वर्कशाप जिला यमुनानगर को गिरफ्तार न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री ब्रिजपाल निवासी बुढियों ने 11 नवम्बर 2023 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 अगस्त 2023 को बुढियों से किसी अज्ञात ने उसकी मोटसाईकिल चोरी कर ली है।

# करनाल में दिवाली पर दो जगह लगी आग

## दाना फैक्ट्री में लाखों का सामान जला, घर में फ्रिज समेत दूसरा सामान हुआ राख



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल में** दीपावली पर दो जगहों पर आगजनी हुई, जिसमें एक गांव पंजोखरा की फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का सामान जल गया तो वहीं दूसरी और गांव कैमला में एक गरीब के घर में आग लग गई। गांव पंजोखरा में आग के कारण लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। इस फैक्ट्री में प्लास्टिक का दाना बनाया जाता था। रात को ही मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग की तीन गाडियों ने आग पर काबू पाया। दोनों मामलों में अबतक शिकायत पुलिस को नहीं दी गई। फैक्ट्री के मालिक दिल्ली के बताए जा रहे है, जिन्हें आज आग की सूचना मिली। वह दिल्ली से करनाल आने के लिए रवाना हुए हैं।
कैमला गांव का महासिंह मजदूरी करके अपने परिवार का गुजारा करता है। पहले महा सिंह स्वस्थ था तो अच्छी तरह से काम कर रहा था, लेकिन अब वह बीमार चल रहा है और इस बीमारी के कारण ही उसके परिवार के हालात बिगड़ गए। अब उसकी पत्नी को भी मजदूरी करनी पड़ रही है। बड़ा बेटा भी ऑटो चलाकर कुछ पैसे घर ले आता है। परिवार की स्थिति बुरी तरह से डोल चुकी है। पहले महा सिंह ऊपर वाले कमरे में सोता था, लेकिन बीमार होने के बाद वह कई महीनों से नीचे वाले कमरे में ही सोता आ रहा है। यदि ऊपर वाले कमरे में कोई होता तो शायद आगजनी का पहले ही पता चल जाता।
महा सिंह की पत्नी राजवंती ने बताया कि दिवाली थी और वे घर में दीपक लगाकर व पूजा करके सोने की तैयारी कर रहे थे।
पूरा परिवार नीचे वाले कमरे में था और ऊपर में अचानक कोई रॉकेट कही से घूमता हुआ आया और कमरे में घुस गया और जल्दी ही आग लग गई। चूंकि दरवाजे पर बैनर लगाया हुआ, ऐसे में आग पकड़ते देर नहीं लगी। आग बढ़ती गई और अन्य सामान को भी अपनी चपेट में लेकर फ्रीज तक पहुंच गई। फ्रीज धू-धू करके जलने लगा। पड़ोसियों ने शोर मचाया और उसके बाद उन्हें आग का पता चला। वे आनन फानन में ऊपर वाले कमरे में पहुंचे तो फ्रीज जल रहा था। आग लगी देख आसपास के पड़ोसी भी मौके पर एकत्रित हो गए। पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। राजवंती ने कहा कि लोग दिवाली मना रहे हैं, लेकिन लोगों द्वारा आतिशबाजी के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही किसी के घर को नुकसान पहुंचा सकती है। रात को लोग दिवाली मना रहे थे और हम आग बुझा रहे थे।

## पराली जलाने वालों के विरुद्ध होगी नियमानुसार कार्यवाही: शशांक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पुलिस** अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि पराली जलाने की लगातार बढ़ती घटनाओं से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस पर उच्चतम न्यायालय एवं हरियाणा सरकार तथा पुलिस महानिदेशक हरियाणा ने कड़ा संज्ञान लिया है। इन घटनाओं के कारण वातावरण में ऑक्सीजन की कमी होती है तथा सांस लेने में कठिनाइयां होती है। आज पराली जलाने के दुष्प्रभाव के बारे में खुद जागरूक होना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अतः आज राष्ट्र निर्माण में हम पराली ना जलाने बारे खुद भी जागरूक हों तथा औरों को भी करें।
एसपी ने कड़े शब्दों में कहा कि जो भी कोई पराली जलाकर वायु प्रदूषण का काम करेगा उसके खिलाफ पुलिस नियमानुसार कार्यवाही अम्ल में लाएगी। वहीं थानों में तैनात एसएचओ को अपने अधिकार क्षेत्र में निजी तौर पर गश्त कर पराली जलाने की घटनाओं को तुरंत रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए और साथ ही कहा कि यदि किसी के क्षेत्र में पराली जलाई जाती है तो एसएचओ की जिम्मेदारी निर्धारित होगी। गौरतलब है कि पराली जलाना कानूनी अपराध है।

## कैमरे में कैद हुई मोबाइल चोरी की घटना, दो मिनट तक दुकान पर खड़ा रहा आरोपी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल की** रेडक्रॉस मार्केट में एक युवक दुकान पर रखे मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर गया। युवक स्कूटी पर सवार होकर आया था। बताया जा रहा है कि युवक के साथ एक लडकी भी थी। घटना दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार मोहन ने सीसीटीवी फुटेज के साथ शिकायत पुलिस को कर दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक रेड शर्ट और ब्लैक लोअर में एक युवक एक्टिवा पर सवार होकर आया। उसके हाथ में एक पॉलीथिन था, जिसमें कुछ सामान रखा हुआ था। इस बीच युवक ने टेबल पर रखे एक मोबाइल को उठाकर पॉलीथिन में डाल लिया। तभी सफेद ड्रेस में एक युवती स्कूटी लेकर आई और युवक उस स्कूटी पर बैठकर वहां से चला गया। युवक ने सबकी नजरों से बचकर मोबाइल तो उठा लिया, लेकिन सीसीटीवी कैमरे की नजर से नहीं बच पाया। युवक दुकान पर करीब दो मिनट तक खड़ा रहा। दुकानदार ने अपनी दुकान के बाहर भी एक स्टॉल लगा रखी थी। जहां पर इलेक्ट्रॉनिक्स लडि?ां रखी हुई थी। वहीं पर दुकान की एक महिला कर्मचारी ने अपना मोबाइल पास की टेबल पर रखा हुआ था। जब उसे अपना मोबाइल नहीं मिला तो वह घबरा गई। उसने आसपास भी तलाश किया, लेकिन मोबाइल का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया तो उसमें युवक मोबाइल चुराता हुआ दिखाई दिया। मोबाइल का कोई भी सिक्योरिटी लॉक नहीं लगा हुआ था। कई फोटो व वीडियो भी पड़ी हुई हैं। ऐसे में चोर इन सभी तस्वीरों का गलत इस्तेमाल भी कर सकता है। मामले की शिकायत पुलिस को कर दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गैर-कानूनी शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगाए प्रशासन: वरुण चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) यमुनानगर** जिले सहित सुहाना व बराड़ा में शराब के कारण हुई मौतों पर मुलाना विधायक वरुण चौधरी ने दुख जताते हुए सुहाना मृतकों के घर पहुंच परिवार को सांत्वना दी। विधायक ने कहा कि जहरीली शराब पीने के कारण यमुनानगर जिले सहित सुहाना एवं बराड़ा में 20 के करीब मौतें हो चुकी है जो बहुत दुखद घटना है।
उन्होंने कहा कि आज हर गांव व शहर में जगह-जगह गैर कानूनी शराब बिक रही है बोतल खोलकर 20-50 रुपए के हिसाब से दारू की बिक्री हो रही है।आज हर गांव में दवाइयों की दुकान हो या न हो पर गैर कानूनी शराब की दुकानें जरूर है नशा सरेआम बिक रहा है परंतु प्रशासन इस पर लगाम लगाने में निष्क्रिय हैं।

## करनाल में थार ने व्यक्ति को कुचला, हाईवे की सर्विस लेन में जा रहा था पैदल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मधुबन** में नेशनल हाईवे पर एक थार ने सडक पर पैदल जा रह व्यक्ति को कुचल दिया। व्यक्ति की इलाज के दौरान रोहतक पीजीआई में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रोहतक में ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल शिकायत के आधार पर आरोपी थार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।
प्रत्यक्षदर्शी ऊंचा समाना निवासी राज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह रविवार को मधुबन में नायरा पेट्रोल पंप से अपनी बाइक में तेल डलवाकर चला था। करीब साढ़े 12 बजे करनाल-पानीपत सर्विस रोड पर एक व्यक्ति पैदल-पैदल जा रहा था। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार थार गाड़ी आई और व्यक्ति को कुचलते हुए चली गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।
व्यक्ति कौन था और कहां का रहने वाला था, इसके बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिली थी, लेकिन देखने में व्यक्ति एक प्रवासी मजदूर लग रहा था। प्रवासी को करनाल के सरकारी अस्पताल में इलाज के भर्ती करवाया गया और हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। लेकिन प्रवासी की हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया।
पुलिस आज रोहतक पीजीआई के ट्रामा सेंटर में पहुंची। जहां पर नर्सिंग स्टाफ ने पुलिस ने बताया कि करनाल से एक अज्ञात व्यक्ति रेफर होकर आया था, लेकिन उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।
पुलिस को शव के पास ही ठेकेदार देवी प्रताप मिला, जिसने शव की शिनाख्त की। ठेकेदार ने पुलिस को बताया कि शव बिहार के गोपालगंज जिला के बलथरी गांव के कालू का है, जिसकी उम्र करीब 47 वर्ष थी और यह मेरे पास ही काम करता था।
पुलिस ने ठेकेदार से ही कालू के परिजनों का फोन नंबर लिया और मृतक की शिनाख्त के लिए फोटो वॉट्सऐप की। इसके बाद शव की पहचान हुई और पुलिस ने परिजनों से वहां पर आने के लिए कहा, लेकिन परिजन मौके पर आने में सक्षम नहीं थे।

## 16 नवंबर को होगा नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी का अभिनंदन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष** नायब सैनी का करनाल मे 16 नवम्बर को अभिनंदन समारोह मनाया जा रहा है, जिसके लिए करनाल की पुरानी सब्जी मंडी मे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सासंद संजय भाटिया ने इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।
इस मौके पर सांसद संजय भाटिया के साथ करनाल भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण, पूर्व विधायक भगवान दास कबीर पंथी, करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रमुख डॉ. अशोक कुमार, जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर हरपाल, रामनगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, करण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, शहरी मंडल महामंत्री रमन अग्रवाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सासंद संजय भाटिया ने कार्यक्रम की तैयारियों के बारे जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी के सम्मान में रखे गए स्वागत समारोह 22 नवंबर तक चलेंगे। सभी जिलों में अपने नए प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनन्दन करने की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। अभिनंदन कार्यक्रम दो चरणों में रखें गए हैं।
पहला चरण 4 नवंबर से नौ नवंबर से चलाया जा चुका है, जबकि दूसरा चरण दीवाली के बाद 16 नवंबर से 22 नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि अभिनंदन समारोह कार्यक्रमों के संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहनलाल बडोली को बनाया गया है।
जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कार्यक्रम के रोडमैप की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के स्वागत में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा अग्रसैन चौक, पुराने बस स्टैंड, घंटाघर चौक मैन बाजार से होते हुए पुरानी सब्जी मंडी शैड के नीचे कार्यक्रम तक सम्पन्न होगी तथा तदुपरांत प्रदेश अध्यक्ष स्वागत समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

## युवक पर फेंका तेजाब, हमलावरों ने वॉशबेसिन पर सिर देकर मारा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंजपुरा थाना** के अंतर्गत आने वाले मणका बैंक्वेट हॉल की पार्टी में गए युवक के साथ बाथरूम में कुछ बदमाश युवकों ने मारपीट कर उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया। हालांकि वह बाल-बाल बच गया। बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में पहले युवक की गर्दन पकड़ी और वॉशबेसिन में सिर मार दिया, जिसमें उसकी आंख पर चोट आई है। इसके बाद बदमाश उसके गले की सोने की चेन, कड़ा व मोबाइल भी छीनकर ले गए। हमलवारों ने खुद की सीएम, डीसी व एसपी तक लिंक होने की धमकी दी। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर 9 निवासी कुबेर कल शाम को मणका बैंक्वेट हॉल में गया था। यहां करीब 3 बजे तक पार्टी चली। वह खाना खाकर वॉशरूम की तरफ गया और हाथ मुंह धोने लगा। इसी दौरान शेरा, वैभव, बाम्बा व अन्य 8 से 10 व्यक्ति बाथरूम के अंदर घुस आए। पीछे से वैभव ने पीछे से उसकी गर्दन व कौलर पकडकर उसका सिर वॉशबेसिन में मारा। उसकी आंख पर चोट लगी। अचानक हुए हमले से वह घबरा गया। इसके बाद अन्य लोगों ने भी उसके साथ मारपीट की। उसको नीचे डालकर उस पर लात घूंसे बरसाए। इतना ही नहींए बाथरूम में रखा तेजाब उसके ऊपर फेंक दिया, लेकिन वह इस वॉर से किसी तरह से बच गया। हमलावरों ने उसके साथ मारपीट की। वह उसकी आधे तोले की तीन चेन, ब्रेसलेट जबरदस्ती निकालकर ले गए। कड़ा करीब 4 से साढ़े 4 तोले का बताया जा रहा है। कड़ा खींचते हुए ही उसके हाथों पर खरोचें आई।

## मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** पुलिस द्वारा अपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज सरकारी कार्य को बाधित करके मारपीट व हत्या के प्रयास के मामले में 12 नवम्बर 2023 को पुलिस ने प्रबन्धक थाना अम्बाला छावनी निरीक्षक नरेश कुमार के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी भारत, जितिन, जतिन्द्र कुमार निवासी रामकिशन कालोनी अम्बाला छावनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया व ज्युनाईल बालक को संरक्षण मे लेकर बाल सुधार गृह भेजा गया। इस मामले में सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री पी0एस0आई0 रोहित कुमार प्राभरी चैंकी रेजीमैन्ट अम्बाला छावनी ने 12 नवम्बर 2023 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि

## खून की उल्टियों के बाद युवक की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल** में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजनों ने निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि उन्होंने युवक को एडमिट ही नहीं किया, जबकि परिजनों का तर्क है कि अस्पताल ने उनकी पर्ची काटी है। पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। बाद में सिविल लाइन थाना के एसएचओ के आश्वासन के बाद परिजन शव को लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाल्मीकि बस्ती निवासी 25 वर्षीय संजू को सोमवार सुबह अचानक खून की उल्टियां शुरू हो गई थी। इसके बाद परिजन घबरा गए और उसे आनन फानन में मेडिकल कॉलेज में लेकर ग, लेकिन वहां पर इंजेक्शन लगवाने के बाद सेक्टर 12 निजी अस्पताल लेकर आए। उस वक्त अस्पताल में डॉक्टर मौजूद नहीं थे, लेकिन स्टाफ द्वारा संजू को एडमिट करने की पर्ची भी काटी। सुबह 8 बजे वह अस्पताल में पहुंचे थे, लेकिन दोपहर 2 बजे तक डॉक्टर नहीं आया, जिस कारण समय पर इलाज न मिलने के कारण संजू की मौत हुई है।



मृतक की बहन सुनीता का आरोप है कि अस्पताल में वे संजू को जैसे ली लेकर पहुंचे तो उनकी पर्ची काट दी गई और स्टाफ की तरफ से बताया गया कि कुछ ही देर मे डॉक्टर आ रहे है, लेकिन कोई भी डॉक्टर नहीं आया और संजू ने अस्पताल में पड़े पड़े ही दम तोड़ दिया। किसी तरह का इलाज तक नहीं दिया गया। अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ही संजू की जान गई है।

# शिव-साईं सेवक परिवार ने भंडारा का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शिव-साईं** मंदिर, फ्रेंड्स कॉलोनी, मॉडल टाउन, जंडली फ्लाईओवर के साथ, अम्बाला शहर में भक्तों ने बाबा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भोग चढ़ाया। इसके बाद लोगों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया ।शिव-साई भगत व समाजसेवी संजीव कुमार ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य पूरा हो गया है और मंदिर के दरवाजे भक्तों के लिए खुल गए हैं जिससे भक्तों में खुशी की लहर है। अब तक वे मंदिर के बंद गेट से ही भगवान को प्रणाम कर लौट जा रहे थे। गुरुवार को दरवाजा खुलते ही मंदिर में भक्त पहुंचने लगे। बता दे की साई-सेवक परिवार द्वारा हर गुरुवार की शाम को पूजा -आरती के बाद प्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया जाता है इसी श्रृंखला में 15 वीं बार बाबा के आशीर्वाद से भंडारा किया। जिसमे व्यवस्था संभालने का कार्य कमलेश देवी, अनुराधा शर्मा, नित्य डोगरा, आरव शर्मा व मंदिर के पुजारी पंडित पंकज शास्त्री जी ने किया।



## सीवरेज की सफाई के दौरान गैस की चपेट में आए चार ढाबा कर्मी

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
टनेशनल हाइवे पर स्थित एक ढाबा के सामने सोमवार को सीवरेज की सफाई करने के दौरान चार ढाबा कर्मी गैस की चपेट में आ गए। साथी मजदूरों द्वारा उन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देख पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नेशनल हाइवे पर स्थित ढाबे की सीवरेज ब्लॉक होने पर सोमवार शाम को ढाबा कर्मी सफाई करने के लिए मेन होल को खोल नीचे उतरे थे। सीवरेज में बनी गैस ने उन्हें चपेट में ले लिया। जिसमें ढाबा कर्मी महेश, ड्राइवर गांव लोहचब निवासी विक्की, बहराइच निवासी मुंशी तथा असम निवासी अनार की हालात बिगड़ गए। उन्हें नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने महेश तथा विक्की की हालत गंभीर देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। अस्पताल में मौजूद रहे कर्मी मुंशी ने बताया कि शुरू में महेश सीवरेज में उतरा था। जिसे निकालने के लिए विक्की गया था। वह भी अंदर रह गया। शोर मचाए जाने पर वह अपने साथी अनार के साथ पहुंचा तो वह भी गैस की चपेट में आ गया।

# पूर्व सैनिक कली राम खिप्पल की पुण्य स्मृति में होगा राष्ट्र स्तरीय सम्मान समारोह

**स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और भंडारे का होगा आयोजन, 125 विभूतियों के अतिरिक्त रक्तदाता होंगे सम्मानित**

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मानव सेवा** संघ में 26 नवंबर को प्रत्येक वर्ष भारतीय सेना में सेवा कर चुके कलीराम खिप्पल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाते हैं। इस वर्ष भी उनकी स्मृति में 476वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।
कली राम खिप्पल जी का जन्म करनाल के गांव प्योंत में हुआ था। उनके पिता का नाम मूल चंद तथा माता का नाम धर्मो देवी था। उनकी पत्नी का नाम मूर्ति देवी है। वे 1960 में भारतीय सेना की तोपखाना में एक सैनिक/सिपाही भर्ती हुए थे। उन्होंने 1962 के भारत चीन के युद्ध में देश की सेवा की। उन्होंने कुछ वर्ष पश्चात सेना से सेवानिवृत्ति ले ली और पंजाब पुलिस में भर्ती हो गए। उनकी नियुक्ति भारत पाक सीमा पर जलालाबाद में हुई। संयोगवश 1965 में जब सीमा सुरक्षा बल का गठन हुआ तो उन्हें पुलिस से सीमा सुरक्षा बल में भेज दिया गया। इस प्रकार सीमा सुरक्षा बल के गठन के समय वे सीमा सुरक्षा बल के आरंभिक सिपाही रहने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने 1965 के भारत पाक युद्ध में दुश्मनो के दांत खट्टे करने में विशेष भूमिका निभाई। 1971 तक वे सीमा सुरक्षा बल में रहे और घरेलु कारणों से सेवा से त्याग पत्र देकर घर वापिस आ गए थे। उसके पश्चात उन्होंने कड़ी मेहनत से अपना कारोबार किया और साथ ही समाज सेवा में लग गए। 26 नवंबर 2002 की प्रातः वे प्रभु चरणो में जा समाये। वे सदैव निर्धन और जरूरतमंद की निस्वार्थ सेवा करते थे। भूखे को भोजन, प्यासे को पानी और राहगीरों की सहायता करना उनका सद्व्यवहार था।

## संपादकीय

# विनम्रता,सज्जनता को कमजोरी ना समझिए

भारत की संस्कृति एतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरू करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजयी होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है। तुच्छ और अंहकारी व्यक्ति विनम्रता को ग्रहण नहीं कर सकता और कूप मंडूक ही बना रहता है। थोड़ा ज्ञान लेकर व्यक्ति 'अधजल गगरी छलकत जाए' की भांति विनम्रता को त्याग देता है ऐसे में वह ना आधा रह पाता है ना ही पूरा हो पाता है। क्योंकि बड़ा और महान व्यक्ति अपनी प्रशंसा को भी सामान्य ढंग से अंगीकृत करता है और प्रशंसा सुनकर फूल कर कुप्पा नहीं हो जाता है। महान सुकरात ज्ञानी होकर भी कहते थे कि मैं अभी कुछ नहीं जानता मैं अज्ञानी हूं, इस संदर्भ में कबीर ने बहुत अछी सूक्ति कही
"बड़ा भया तो क्या भया जैसे पेड़ खजूर,
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर" यदि व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल कर ले तो उसका अंहकार करने की बजाय समाज के हित में उसका उपयोग करना चाहिए ना कि केवल अपने तक सीमित रखना चाहिए क्योंकि बिना सार्वजनिक हित व उपलब्धि निरर्थक है। फल आने पर वृक्ष झुक जाते हैं उसी प्रकार उपलब्धि पाने पर व्यक्ति को विनम्र हो जाना चाहिए। विनम्रता,सदाशयता वह गुण हैं जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है और अहंकार व्यक्तित्व को रसातल पर ले जाता है, क्योंकि अहंकारी व्यक्ति की किसी ज्ञान के प्रति स्वीकारोक्ति लगभग शून्य होती है। विनम्रता को आत्मसात करने वाला व्यक्ति सदा नए विचारों के प्रति आकर्षित रहता है और विनम्रता के साथ नए ज्ञान को आत्मसात करते हुए उसके व्यक्तित्व में स्वतः निखार आने लगता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम राष्ट्रपति होने के बाद भी विद्यार्थियों के संपर्क में रहकर उनसे संवाद करते थे जो उनकी महानता को सदैव पुनीत करता रहा और उसी विनम्रता सहृदयता के कारण उन्हें भारत रत्न की उपाधि देकर सम्मानित भी किया गया। ज्ञान का पिपासु व्यक्ति केवल सूचनाओं का भंडारण नहीं करता बल्कि वह उन्हें विनयशील भी बनाने का प्रयास करता है और यही विनम्रता विशाल हृदयता व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त करती है।

# तकनीक का दुरुपयोग मानवता के भविष्य के लिए खतरनाक?



प्रियंका सौरभ

> चूंकि हम एक नया आईटी कानून बनाने के कगार पर खड़े हैं, इसलिए उनके खिलाफ हमारे कानूनी प्रयासों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। इस समस्या के समाधान के लिए अधिक विस्तृत लेंस अपनाना भी उतना ही आवश्यक है, यह पहचानते हुए कि इसका प्रभाव और परिणाम तकनीकी क्षेत्रों से परे तक फैले हुए हैं। जबकि कानून और सामग्री हटाना तकनीक-सुविधा युक्त लिंग-आधारित हिंसा के खिलाफ हमारी लड़ाई के आवश्यक घटक हैं, हमें उपयोगकताओं को डीपफेक जैसे सुरक्षा खतरों के अस्तित्व और खतरों के बारे में शिक्षित करने में भी समान रूप से निवेश करना चाहिए। व्यक्तियों को घातक नुकसानों से खुद को पहचानने और बचाने के लिए सशक्त बनाकर, हम अधिक ठोस बदलाव ला सकते हैं। अनुसंधान एक प्रभावी प्रतिक्रिया रणनीति का समान रूप से महत्वपूर्ण स्तंभ है

**डीपफेक** तकनीक के तहत किसी फोटो या वीडियो में दूसरे का चेहरा लगा दिया जाता है। इसमें मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआइ का सहारा लिया जाता है। इसमें वीडियो और आडियो को साफ्टवेयर की मदद से ऐसे तैयार किया जाता है कि फेक भी रियल दिखने लगे। वायस क्लोनिंग की वजह से अब आवाज भी हुबहू कापी की जा सकती है. ऐसे कौन से तरीके हैं जिनसे एआई-हेरफेर डिजिटल मीडिया व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करने के साथ-साथ सार्वजनिक चर्चा को भी प्रभावित कर सकता है? इसे विभिन्न समूहों द्वारा कैसे नियोजित किया जाता है और समाज सूचना महामारी से कैसे उबर सकता है? डीपफेक, हमें चेतावनी दी गई है और सरकारों, प्रौद्योगिकीविदों और बड़े पैमाने पर समाज के लिएअब जवाबी कदम उठाने का समय आ गया है। प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण ने शरारती शौकीनों से लेकर साइबर अपराधियों तक सभी के लिए डीपफेक निर्माण के क्षेत्र में प्रवेश की बाधा को कम कर दिया है।

डीपफेक डिजिटल मीडिया हैं - वीडियो, ऑडियो और छवियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके संपादित और हेरफेर किया जाता है। यह मूल रूप से अति-यथार्थवादी डिजिटल मिथ्याकरण है। डीपफेक व्यक्तियों और संस्थानों को नुकसान पहुंचाने के लिए बनाए जाते हैं। कमोडिटी क्लाउड कंप्यूटिंग तक पहुंच, सार्वजनिक अनुसंधान एआई एल्गोरिदम, और प्रचुर डेटा और विशाल मीडिया की उपलब्धता ने मीडिया के निर्माण और हेरफेर को लोकतांत्रिक बनाने के लिए एक आदर्श तूफान खड़ा कर दिया है। इस सिंथेटिक मीडिया सामग्री को डीपफेक कहा जाता है। दुष्प्रचार और अफवाहें महज झुंझलाहट से लेकर युद्ध तक विकसित हो गई हैं जो सामाजिक कलह पैदा कर सकती हैं, ध्रुवीकरण बढ़ा सकती हैं और कुछ मामलों में चुनाव परिणाम को भी प्रभावित कर सकती हैं। भू-राजनीतिक आकांक्षाओं, वैचारिक विश्वासियों, हिंसक चरमपंथियों और आर्थिक रूप से प्रेरित उद्यमों वाले राष्ट्र-राज्य अभिनेता आसान और अभूतपूर्व पहुंच और पैमाने के साथ सोशल मीडिया कथाओं में हेरफेर कर सकते हैं।

दुष्प्रचार के खतरे के पास डीपफेक के रूप में एक नया उपकरण है। पोर्नोग्राफी में डीपफेक के दुर्भावनापूर्ण उपयोग का पहला मामला सामने आया था। सेंसिटी.एआई के अनुसार, 96% डीपफेक अश्लील वीडियो हैं, अकेले अश्लील वेबसाइटों पर 135 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। डीपफेक पोर्नोग्राफी विशेष रूप से महिलाओं को लक्षित करती है। अश्लील डीपफेक धमकी दे सकते हैं, डरा सकते हैं और मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा सकते हैं। यह महिलाओं को भावनात्मक संकट पैदा करने वाली यौन वस्तुओं तक सीमित कर देता है, और कुछ मामलों में, वित्तीय नुकसान और नौकरी छूटने जैसे आकस्मिक परिणामों का कारण बनता है। डीपफेक एक दुर्भावनापूर्ण राष्ट्र-राज्य द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा को कमजोर करने और लक्षित देश में अनिश्चितता और अराजकता पैदा करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य कर सकता है। डीपफेक संस्थानों और कूटनीति में विश्वास को कम कर सकता है। डीपफेक का उपयोग गैर-राज्य अभिनेताओं, जैसे कि विद्रोही समूहों और आतंकवादी संगठनों द्वारा, अपने विरोधियों को भड़काऊ भाषण देने या लोगों के बीच राज्य-विरोधी भावनाओं को भड़काने के लिए उत्तेजक कार्यों में संलग्न दिखाने के लिए किया जा सकता है। डीपफेक की एक और चिंता झूठे व्यक्ति का लाभांश है; किसी अवांछनीय सत्य को डीपफेक या फर्जी समाचार कहकर खारिज कर दिया जाता है। डीपफेक का अस्तित्व ही खंडन को अधिक विश्वसनीयता प्रदान करता है। नेता डीपफेक को हथियार बना सकते हैं और मीडिया के वास्तविक हिस्से और सच्चाई को खारिज करने के लिए फर्जी समाचार और वैकल्पिक-तथ्यों की कहानी का उपयोग कर सकते हैं। डीपफेक अल्पकालिक और दीर्घकालिक सामाजिक नुकसान भी पहुंचा सकता है और पारंपरिक मीडिया में पहले से ही घट रहे भरोसे को तेज कर सकता है। इस तरह का क्षरण तथ्यात्मक सापेक्षतावाद की संस्कृति में योगदान कर सकता है, जिससे नागरिक समाज का ताना-बाना तेजी से तनावपूर्ण हो सकता है।डीपफेक में किसी व्यक्ति को असामाजिक व्यवहार में लिप्त और घृणित बातें कहते हुए दर्शार्या जा सकता है जो उन्होंने कभी नहीं किया। भले ही पीड़ित बहाना बनाकर या किसी अन्य तरीके से नकली को उजागर कर सकता है, प्रारंभिक नुकसान को ठीक करने के लिए यह समाधान बहुत देर से आ सकता है। डीपफेक न केवल व्यक्तिगत गोपनीयता का उल्लंघन करते हैं बल्कि प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं, उत्पीड़न भड़का सकते हैं और झूठ का प्रचार कर सकते हैं। तदनुसार, चूंकि हम एक नया आईटी कानून बनाने के कगार पर खड़े हैं, इसलिए उनके खिलाफ हमारे कानूनी प्रयासों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। इस समस्या के समाधान के लिए अधिक विस्तृत लेंस अपनाना भी उतना ही आवश्यक है, यह पहचानते हुए कि इसका प्रभाव और परिणाम तकनीकी क्षेत्रों से परे तक फैले हुए हैं। जबकि कानून और सामग्री हटाना तकनीक-सुविधा युक्त लिंग-आधारित हिंसा के खिलाफ हमारी लड़ाई के आवश्यक घटक हैं, हमें उपयोगकताओं को डीपफेक जैसे सुरक्षा खतरों के अस्तित्व और खतरों के बारे में शिक्षित करने में भी समान रूप से निवेश करना चाहिए। व्यक्तियों को घातक नुकसानों से खुद को पहचानने और बचाने के लिए सशक्त बनाकर, हम अधिक ठोस बदलाव ला सकते हैं। अनुसंधान एक प्रभावी प्रतिक्रिया रणनीति का समान रूप से महत्वपूर्ण स्तंभ है। प्रमुख तकनीकी कंपनियों के नेतृत्व में डीप फेक डिटेक्शन चैलेंज जैसे सहयोगात्मक प्रयास तकनीकी समाधानों के लिए संसाधनों को एकत्रित करने के महत्व पर जोर देते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम इस गति को जारी रखें और डीपफेक वक्र से आगे रहने के लिए गहन अनुसंधान और क्षमता निर्माण में निवेश करें। एआई की विश्लेषणात्मक क्षमता से सशक्त, नवोन्मेषी पहचान प्रौद्योगिकियों का चल रहा विकास, डीपफेक के घातक प्रभाव को कम करने के लिए एक आशाजनक मार्ग प्रदान करता है। इसके साथ ही, शिक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता, डीपफेक तकनीक के अस्तित्व और संभावित खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, व्यक्तियों को इस डिजिटल खदान को विवेक और आलोचनात्मक सोच के साथ नेविगेट करने के लिए सशक्त बना सकता है। समझदार जनता को तैयार करने के लिए मीडिया साक्षरता प्रयासों को बढ़ाया जाना चाहिए। उपभोक्ताओं के लिए मीडिया साक्षरता दुष्प्रचार और डीपफेक से निपटने का सबसे प्रभावी उपकरण है। ऑनलाइन सुरक्षा और सामग्री अखंडता को बढ़ाने की दिशा में हस्तक्षेप के अलावा, डीपफेक के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए एआई की परिवर्तनकारी क्षमता का लाभ उठाना भी महत्वपूर्ण है। एआई, सिंथेटिक मीडिया बनाने और उसका पता लगाने की अपनी क्षमता के साथ, इस डिजिटल युद्ध के मैदान में दोधारी तलवार के रूप में उभरता है। हमें दुर्भावनापूर्ण डीपफेक के निर्माण और वितरण को हतोत्साहित करने के लिए विधायी समाधान विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी उद्योग, नागरिक समाज और नीति निमार्ताओं के साथ सहयोगात्मक चर्चा के साथ सार्थक नियमों की भी आवश्यकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म डीपफेक मुद्दे का संज्ञान ले रहे हैं, और उनमें से लगभग सभी के पास डीपफेक के लिए कुछ नीति या उपयोग की स्वीकार्य शर्तें हैं। हमें डीपफेक का पता लगाने, मीडिया को प्रमाणित करने और आधिकारिक स्रोतों को बढ़ाने के लिए उपयोग में आसान और सुलभ प्रौद्योगिकी समाधानों की भी आवश्यकता है।

डीपफेक के खतरे का मुकाबला करने के लिए, हम सभी को इंटरनेट पर मीडिया के महत्वपूर्ण उपभोक्ता होने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए, सोशल मीडिया पर साझा करने से पहले सोचना और रुकना चाहिए।



## कविता

जगमग दीपोत्सव की
खुशियों वाली
रात की अगली सुबह सुबह
गरीब बेसहारा बच्चे
नन्हे फटे हाल,
बड़े बड़े घरों के लोहे के
बड़े बड़े दरवाजे के सामने,
बुझे और फूटे हुए
पटाखों के
कागज के बिखरे
हुए अवशेषों से
और अध जलि
फुल झड़ीयों में
रंग बिरंगी
रोशनी खोजते,
फटे हाल बच्चे
दिवाली के दूसरे दिन
किसी अभिजात्य कॉलोनी
में फटे बे हाल
घूमते हुए दिखाई दे जाएंगे,
अर्धनग्न इन नन्हे
बच्चों की किस्मत में
यह अध जले पटाखे,
फुलझड़ियां
और कभी कभी
बम भी मिल जाया करते हैं,
दिवाली की सौगात समझ
खुश हो कर
शुभ दीपावली

संजीव

# देवदूत न सही स्वप्न दृष्टा तो थे ही नेहरू

**डॉ० घनश्याम बादल**

बाल दिवस जवाहरलाल नेहरु को गरिमा व सम्मान के साथ याद करने का दिन है । पर, दुर्भाग्य से हमने राष्ट्रीय विभूतियों को दलगत आधार पर बांट लिया गया है और ऐसा आजादी के बाद से ही होने लगा था और इसी प्रवृत्ति के शिकार कभी गणेश शंकर विद्यार्थी हुए तो कभी दीनदयाल उपाध्याय कभी राम मनोहर लोहिया बिसराए गए तो कभी सुभाष चंद्र बोस । पर, कुल मिलाकर यह प्रवृत्ति बहुत ही अनर्थकारी है। राजनीतिक लक्ष्य साधने के लिए किसी दल ने गांधी पर कब्जा किया तो किसी ने दीनदयाल उपाध्याय पर पेटंट चस्पा कर दिया । कभी किसी को जे पी में क्रांति का सूत्रधार दिखा तो किसी को सरदार पटेल भाने लगे । बरसों तक सुभाषचंद्र बोस पर धूल ढकी रही फिर अचानक ही उनकी फाइलें खोलने में दिलचस्पी जगी । कारण कुछ भी बताए जाएं पर सच क्या है यह भी जग जाहिर है वर्ना तो क्या कारण है कि कांग्रेस व नेहरु खानदान के सत्ता में होते इंदिरा ही नहीं राजीव व संजय की भी पुण्य तिथि मनाई जाती है पर गोविन्द बल्लभ पंत, लाल बहादुर शास्त्री उपेक्षित कर दिए जाते हैं नरसिंह राव किनारे होते हैं। जनता पार्टी के वक्त जे पी ही जेपी का गान गाया जाता है तो भाजपा के आने पर दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी सरदार वल्लभ भाई पटेल चमकने लगते हैं । वी पी, मुलायम, लालू आदि के सत्तासीन होने पर राममनोहर लोहिया महान हो जाते हैं तो मायावती के शासन में कांशीराम स्तुति गान होता है । अब ऐसे कहें या वैसे, इसे दोष दें या उसे पर कड़वा सच यही है कि अब महानता भी वक्त व कुर्सी के अनुसार तय हो रही है । जब बापू तक नहीं बचे तब नेहरु को ही क्यों बचना था ।

कोई माने या न माने पर नेहरु आज भी नए भारत के निर्माण के आधार स्तंभ ही कहे जाएंगें। निरपेक्ष सोच के हामी रहे देश के पहले प्रधानमंत्री ने धर्म मंदिरों, मस्जिदों व दूसरे धर्मस्थलों की बजाय बांधों, पुलों, व उद्योगों में भरत का भविष्य देखा। नेहरु भले ही कुछ मुद्दों पर विवाद के केन्द्र हों पर एक प्रगतिशील हिंदुस्तान की बात जब-जब चलेगी तब -तब नेहरु की याद आएगी। आज उनकी जयंती पर उनके प्रदेयों व सकारात्म गुणों को याद कर ही लें । विराट व्यक्तित्व के स्वामी नेहरु स्वप्नदृष्टा होने के साथ बच्चों के प्यारे चाचा भी थे । वें बच्चों पर जान छिड़कते थे व उन्हे देश का भविष्य कहते थे । अपने व्यस्ततम समय में से भी वें बच्चों के साथ खेलने व उनसे मिलने का वक्त निकाल लेते थे । शायद बालसुलभ भोलापन उनकी ताकत भी था । नेहरू एक राजनीतिज्ञ और प्रभावशाली वक्ता होने के साथ ख्यातिलब्ध लेखक भी थे। 1936 में उनकी आत्मकथा प्रकाशित हुई , अन्य रचनाओं में भारत और विश्व ,सोवियत रूस ,विश्व इतिहास की एक झलक , भारत की एकता और स्वतंत्रता और उसके बाद , उल्लेखनीय हैं।

## विचार

# बाल दिवस: लौटा दो बचपन की मस्ती !

**डॉ घनश्याम बादल**

**प्रायः** देखने में आता है कि बच्चों पर बड़े , हुक्म की तलवार ताने बैठे रहते हैं । बिना यह सोचे कि बच्चों की भी अपनी एक सोच होती है , सपने होते हैं , उनका भी अपने तरीके से कुछ करने का मन होता है और हम यह मान लेते हैं कि वें तो बच्चे हैं , मासूम व नादान उन्हे सही गलत का क्या पता । मगर इसी सच का दूसरा पहलू यह है कि बच्चों के बारे में शायद उनसे बेहतर कोई नहीं जानता ।अगर हम उनकी सोच, सपनों, कल्पनाओं, समस्याओं व जरुरतों को समझ सकें, उन्हें इच्छित प्यार दें तो उनके लिए बाल दिवस सार्थक जाएगा ।

बाल साहित्यकार सोचें कि बच्चों के लिए जो भी लिखें वह केवल उपदेश बाजी न होकर, बच्चों की सोच व उनके उपयोग व रुचि का हो, परियों, राक्षसों की कहानियों के बजाय विज्ञान सम्मत हो , भविष्य की सोच वाला हो तो ऐसा बाल साहित्य भी उनके लिए बेशकीमती उपहार होगा । आज दुनिया के सबसे युवा देश बाल दिवस मना रहा है । पर , आज भी देश में बच्चे सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं । न स्कूल उन्हे वह दे रहे हैं जो उन्हे चाहिए न ही मॉम डैड के पास उनके लिए समय है । इस बाल दिवस माता पिता व अभिभावकों को सजग बनाने की जरुरत है । सबसे पहले तो हमें उस जगह पर खास ध्यान देने की जरुरत है जहां बच्चों का सबसे ज्यादा वक्त बीतता है और यें दो स्थान हैं घर व स्कूल।

घर पर बच्चे सबसे ज्यादा सुरक्षित होते हैं और सबसे ज्यादा खुलकर जीते व खेलते,खाते हैं पर जैसे जैसे संयुक्त परिवारों रहे हैं ,माता - पिता काम काज करने के लिए बाहर रहने लगे हैं घर भी अब बच्चों के लिए न प्रिय स्थान रह गया है और न ही सुरक्षित । नौकरों के भरोसे पलने वाले बच्चे एक असुरक्षा भाव से त्रस्त रहते हैं। उनमें दूसरों पर विश्वास न करने की भारी प्रवृत्ति पाई गई है ऐसा शायद इसलिए हुआ कि उन्हे उनके मां - बाप ही सदैव सतर्क रहने की बात कहते रहते हैं । हम अपने बच्चो के लिए एक निष्छल, मासूम व निश्चिंत नहीं बचपन दे पाएं हैं ? इस बाल दिवस पर यदि यह दें तो बच्चों के लिए यह उपहार बेशकीमती तोहफा होगा ।

आप उन्हे महंगे से महंगे स्कूल में तो भेज सकते हैं पर यह मान लेना कि भारी भीड़ - वााले इन स्कूलों से बच्चे सुसंस्कृत होकर निकलेंगे तो आप भ्रम में हैं । वहां भी उन्हे उच्च ग्रेड पाने की कला तो सिखाई जा रही है पर , उनका भावनात्मक संवेग बहुत निम्न होता जा रहा है । इसका मतलब यह हुआ कि स्कूलों ने कमाई की मशीनें तो बना ली पर मानवता के प्रति दायित्व , दया, प्रेम करुणा , ममता व सहायता करना जैसे मूलभूत गुण नहीं सिखाए । आज के बच्चो व कल के नागरिक हैं अगर हम यें मानवीय गुण उन्हे दे पाएं तो इस बार का बाल दिवस सार्थक हो जाए । भौतिकता की अंधी दौड़ , अधिक से अधिक पा लेने की चाहत, समाज में उच्च स्थान पाने की होड़ व हर समस्या का हल पैसे में ढूंढने की प्रवृत्ति और लगातार घटती संवेदनशीलता तथा अति व्यस्तता की शिकार दिनचर्या भले ही भौतिक रूप से हमें समृद्ध बना रही हो ,घरों में सुविधाएं व सुख के साधन बढ़ गए हों , पर , इन सब का सबसे बुरा असर यदि किसी पर पड़ा है तो वें हैं बच्चे । बच्चो से उनका बचपन लगभग छिन गया है । काश हम लौटा पाएं अपने बच्चो के बचपन में मस्त हो बेफिक्री से खेलने, उछलने-कूदने, शरारतें करने के दिन उन्हे समय से पहले बड़े या बूढ़े होने से रोकने की एक सार्थक मुहिम भी आज के बच्चो के लिए एक यादगार गिफ्ट होगा । आज के वातावरण के चलते शारीरिक विकास के स्तर पर लड़के 14 की उम्र में ही ऐसे लक्षण प्रदर्शित कर रहे हैं जो एक युवा में होते हैं । वैसे इसके पीछे खान-पान की बदली प्रवृत्ति व उपलब्धता को ज्यादा उत्तरदायी माना जा रहा है। प्रायः वह अपनी उम्र के बच्चों के साथ बाहर खेलने - कूदने की बजाय कम्प्यूटर गेम्स खेलना ज्यादा पसंद करते हैं । तो गेम्स को ही बालमन व नैतिक मूल्यों के अनुरूप ढालना भी एक शानदार उपहार होगा बच्चों के लिए ।

समय से पहले शारीरिक रूप से जवान दिखने वाले बच्चो के प्रति मां - बाप को ज्यादा जागरुक रहना होता है , क्योंकि ऐसे बच्चे दिखते भले ही बड़े हों पर मानसिक रूप से वें अपरिपक्व ही होते हैं और गलत तत्व इसी बात का फायदा उठाने का प्रयास करते हैं । विशेष रूप से लड़कियों के मामले तो अब बहुतायत में देखने सुनने में आ रहे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गौसेवा में मानवीय और प्राकृतिक संस्कृति

**प्रो.पुष्पित अवस्थी**

**बचपन की** शिक्षा गऊ माता के साथ जुड़ी हुई है। कलम थामने के साथ-साथ भाषा सीखने की कवायद जैसे ही जोर पकड़ती है। गाय पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में निबंध लिखने की याद आज भी ताजा है। गाय उसके बच्चो और बेलों की पूजा आरती की याद ताजा है। यह परंपरा जितनी भारत में है उतनी ही विदेशों में है। जहां प्रवासी भारतवंशी और भारतीयों का पीढ़ियों के प्रवास रहें है। इसका प्रमाण इसी वर्ष चुनाव के दौरान इंग्लैंड के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक जी द्वारा अपनी पत्नी के साथ गाय की पूजा इसका उदाहरण है। कोरोना के बाद इम्यून सिस्टम बढ़ने के निमित्त गऊ माता के गले लगने सहलाने के व्यवसायिक उदाहरण से हम सब परिचित ही है। गोमाता की सेवा करना मानवीय संस्कृति की पक्षधरता की पहचान कराती है। गहरे अर्थों में गऊ, इसलिए मां है क्योंकि मां के दूध के द्वारा पालन होने के बाद अजीवन मृत्यु पर्यन्त तक गाय का दूध हमारा पोषण करता है। हमारे धार्मिक अनुष्ठान और मिष्ठान का स्त्रोत गाय का दूध ही है। श्रीकृष्ण के साथ गाय को जोड़ने का विशेष दार्शनिक अर्थ है। पिछले कुछ वर्षो में यूरोप की यात्रा में आस्त्रिया के इटली सीमा पर नाउदर गांव में गो सेवा का भारतीय पारंपरिक चलन देखा चार बजे तक गायों का दूध ग्वालो के द्वारा निकाल लिया जाता है और वे चरने चली जाती है और सूर्यास्त से पहले लोट आती है। उनके गले की घंटियों की आवाजे किसी धार्मिक नगर के मंदिरों के घंटो के एक साथ बजने की मांगलिक धुन को छोड़ते हुए जंगलों की ओर बड़ जाती है। और उनके गोबर से उनके जाने की पगडंडी लिप जाती है। ऐसे में भारत की गायों के कई रास्ते और सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की काठ की घंटियों की याद ताजा हो आती है। नाउदर गांव में जब कोई गाय या उसका बच्चा नहीं रहता है तो उस घर में एक सप्ताह खाना नही बनता है और घर में किसी की मृत्यु होने जैसा शोक उस घर में ही नही बल्कि उस गांव में व्याप्त हो जाता है। ऐसे ही उड़ीसा जाने पर कोरापुट विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी जी ने बातों बातों में कहा कि यहां के गायों को दुहते नही है।

# प्याज का रोना

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वैश्विक संकटों**, राजनीतिक घोटालों और आर्थिक मंदी से भरी दुनिया में, इन दिनों प्याज गरमागरम मुद्दों के बीच सिरताज बना बैठा है। हाँ, यह सही है दोस्तों, प्याज की कीमत आसमान छू रही है, जिससे हर जगह उपभोक्ताओं के दिल और जेब को झटका लग रहा है। अपने आप को संभालें क्योंकि हम प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी की इस दिल दहला देने वाली कहानी में गहराई से उतरेंगे, जो सचमुच आपको आंसू बहाने पर मजबूर कर देगी। जब हम प्याज की कीमतों में वृद्धि के विनाशकारी परिणामों से जूझने का प्रयास करते हैं तो शब्द हमारे लिए कम पड़ जाते हैं। अचानक, हमारी पसंदीदा सब्जी एक विलासिता की वस्तु बन गई है, जिससे प्याज प्रेमी निराशा की स्थिति में हैं। वे दिन गए जब हम कीमत पर नजर डाले बिना ही प्याज को अपनी शॉपिंग कार्ट में डाल देते थे। अब, हमें एक प्याज खरीदने के लिए किए जाने वाले बलिदानों के मुकाबले एक प्याज के मूल्य को ध्यान में रखते हुए, वैकल्पिक निर्णय लेने की जरूरत आ पड़ी।आइए एक पल के लिए उस साहसी यात्रा के प्रति सहानुभूति रखें जो हमारे प्यारे प्याज हमारी प्लेटों तक पहुंचने से पहले शुरू करते हैं। जमीन की गोद से निकलने के बाद से ही प्याज को अनगिनत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। वे तंग ट्रकों में ले जाए जाने का साहस करते हैं, शायद पाक जगत में प्याज के अनुचित लाभों के बारे में पड़ोसी आलू की शिकायतें सुन रहे हैं। फिर, वे खुद को किराने की दुकानों में प्रदर्शन पर पाते हैं, उत्सुकता से उस दिन का इंतजार करते हैं जब कोई खरीदार उन्हें चुनेगा, लेकिन बढ़ी हुई कीमत के कारण उन्हें धोखा दिया जाता है।

ओह, उन पाक प्रेमियों को कितनी पीड़ा होती है जो प्याज के बिना स्वादिष्ट व्यंजन बनाने का सपना देखने का साहस करते हैं! चाहे वह प्याज आधारित सब्जी की स्वादिष्ट सुगंध हो या प्याज के छल्लों का स्वादिष्ट कुरकुरापन, इस साधारण सब्जी की अनुपस्थिति व्यंजन को अधूरा छोड़ देती है, उस जादू से रहित जो केवल एक प्याज प्रदान कर सकता है।

## रश्मिका-कैटरीना के बाद अब सचिन की बेटी

# सारा तेंदुलकर

## की फोटो के साथ छेड़छाड़, वायरल हो रही ऐसी तस्वीर



बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस की अक्सर फोटोशॉप्ड, मोर्फ्ड और दीपफेक जैसी फोटोज और वीडियोज सामने आती रहती हैं. हाल ही में रश्मिका मंदाना की एक फेक वीडियो वायरल हुई थी. इसके बाद इस जाल में टाइगर 3 एक्ट्रेस कैटरीना कैफ भी फंसी. वहीं, अब इस लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है. वे नाम कोई और नहीं बल्कि सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर का है. सारा की एक फेक फोटोशॉप्ड की हुई फोटो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. वायरल हो रही सारा तेंदुलकर और शुभमन गिल की फेक फोटो

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रही फोटो**

में सारा तेंदुलकर रूमर्ड बॉयफ्रेंड व इंडियन क्रिकेटर शुभमन गिल के गले में हाथ डाले नजर आ रही है. इस फोटो को धोनी पोपा नाम के एक यूजर ने शेयर किया है. साथ ही इसके कैप्शन में लिखा है कि- सारा ने कंफर्म कर दिया की वे शुभमन गिल को डेट कर रही हैं. इस पोस्ट के बाद से ही ये फोटो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई. हालांकि, इसी फोटो पर एक अन्य यूजर ने कमेंट कर इसकी सच्चाई भी खोल दी है. यूजर ने सारा की असली फोटो शेयर कर बताया है कि ये फोटो नकली है. सारा शुभमन गिल को नहीं बल्कि अपने भाई अर्जुन तेंदुलकर के साथ नजर आ रही हैं.

**भाई अर्जुन तेंदुलकर के साथ सारा ने शेयर की थी फोटो**



सारा ने ये फोटो खुद अपने इंस्टाग्राम पर अपने भाई को 24वें बर्थडे पर पोस्ट की थी. रियल फोटो में अर्जुन कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं और सारा उन्हें हग करती दिख रही है. इस दौरान दोनों भाई-बहन एक मुस्कुराते नजर आ रहे हैं. इस फोटो को शेयर कर सारा ने अपने भाई को बर्थडे विश किया था.

बता दें कि, सारा अली खान का नाम लंबे समय से शुभमन गिल के साथ जुड़ता आ रहा है. दोनों को कई बार चोरी छिपे एक साथ स्पॉट भी किया गया है. यही वजह है कि इस फोटो को फोटोशॉप कर इसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है. हालांकि, लोगों की ऐसी फेक वीडियो और फोटोज बनाने वालों के खिलाफ कई बॉलीवुड सेलेब्स ने आवाज भी उठाई है. इस लिस्ट में अमिताभ बच्चन से लेकर मृणाल ठाकुर का नाम शामिल है. रश्मिका के फेक वीडियो के बाद इन सेलेब्स ने इसपर एक्शन लेनें की मांग की थी.

## अनबन की खबरों के बीच बिग बी ने KBC 15 में की बहू ऐश्वर्या की फिल्म की तारीफ, रणदीप हुड्डा से कही ये बात



बॉलीवुड के शहंशाह यानि अमिताभ बच्चन (Amitabh Bachchan) की फैमिली इन दिनों खासी सुर्खियों में बनी हुई है. खबरों के अनुसार बच्चन परिवार की बहू यानि एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय (Aishwarya Rai) उनसे कुछ खफा चल रही हैं. इन खबरों ने तूल तब पकड़ी जब ऐश्वर्या को अपने बर्थडे में सिर्फ बेटी और उनकी मां के साथ केक काटते हुए स्पॉट किया गया. लेकिन अब अनबन की इन अफवाहों के बीच अमिताभ बच्चन ने अपने शो 'केबीसी' में अपनी बहू का जिक्र किया है. जानिए उन्होंने क्या कहा.....

**बिग बी के शो में पहुंचे रणदीप हुड्डा**

दरअसल इन दिनों अमिताभ 'केबीसी' का सीजन 15 होस्ट कर रहे हैं. हाल ही में उन्होंने अपने शो में मुक्तांगन पुनर्वास केंद्र से एक्टर रणदीप हुड्डा और डॉ. मुक्ता पुणतांबेकर का हॉट सीट पर स्वागत किया था. इस दौरान शो में खेल के साथ-साथ रणदीप की प्रोफेशनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा हुई. इसी दौरान बिग बी ने उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ भी की.

**अमिताभ ने की ऐश्वर्या-रणदीप की फिल्म 'सरबजीत' की तारीफ**

अमिताभ बच्चन ने रणदीप से कहा कि, मैं आपका बहुत ही बड़ा फैन हूं..आपके कई फिल्में मैंने देखी है. इनमें से एक %सरबजीत% भी है. जो मुझे बेहद पसंद है. आपकी ये फिल्म रियल लाइफ पर बेस्ड है. जिसमें एक शख्स गलती से सीमा पार कर जाता है और उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है और फिर उसे दोषी ठहराया जाता है. फिल्म में आप देखते हैं कि रणदीप एक छोटी सी कोठरी में कैद होते हैं और उन्हीं स्थितियों में उनको जिंदगी गुजारनी पड़ती है..% बता दें कि इस फिल्म में रणदीप के साथ ऐश्वर्या राय भी नजर आई थी. जिन्होंने एक्टर की बहन का रोल निभाया था.

## रुमर्ड गर्लफ्रेंड रश्मिका मंदाना की डीपफेक वीडियो पर विजय देवरकोंडा ने किया रिएक्ट, कहा- ये किसी के साथ नहीं...



विजय देवरकोंडा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. वह आए दिन कुछ ना कुछ शेयर करते रहते हैं. हाल ही में विजय की रुमर्ड गर्लफ्रेंड रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था.

जिस पर कई सेलेब्स ने अपनी नाराजगी जताई थी. कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया था. अब रश्मिका के डीपफेक वीडियो पर विजय देवरकोंडा ने रिएक्ट किया है. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है. विजय ने पोस्ट शेयर करके कहा है कि ऐसा नहीं होना चाहिए.

विजय देवरकोंडा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें सरकार ने रश्मिका के डीपफेक वीडियो पर एक्शन लिया है. विजय ने ये पोस्ट शेयर करके अपना कमेंट लिखा है.

**विजय को आया गुस्सा**

विजय ने ये पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- भविष्य के लिए ये बहुत जरूरी कदम है. ये किसी के साथ नहीं होना चाहिए. इसके साथ ही ऐसी घटनाओं को तुरंत रोकने और अपराधियों को सजा देने के लिए जल्दी ही काबिल साइबर विंग भी बननी चाहिए.

बता दें, हाल ही में रश्मिका मंदाना का एक मॉर्फ्ड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. क्लिप में रश्मिका का चेहरा किसी और की वीडियो पर लगा दिया गया था. वीडियो तुरंत वायरल हो गया और कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे डीपफेक बताया था. सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस पर रिएक्ट किया था.

**रश्मिका मंदाना ने किया था रिएक्ट**

रश्मिका ने वीडियो ये शेयर करते हुए लिखा- मुझे बहुत दुख हो रहा है और मेरे वायरल हो रहे डीपफेक वीडियो के बारे में बात करनी पड़ रही है.

ईमानदारी से कहूं तो ऐसा कुछ न केवल मेरे लिए, बल्कि हममें से हर एक के लिए बेहद डरावना है, जो आज टैक्नोलॉजी के गलत यूज की वजह से बहुत अधिक नुकसान में है.

## सिर्फ शक्ल देखकर ले लेते हैं, फर्स्ट शो मिलने से पहले ये रिश्ता की

# नायरा

## ने झेले रिजेक्शन, सीनियर्स ने उड़ाया मजाक



एक्ट्रेस शिवांगी जोशी टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. उन्हें शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से नेम-फेम मिला. इस शो में वो नायरा के अपोजिट रोल में थीं. शिवांगी की एक्टिंग को फैंस काफी पसंद करते हैं. लेकिन शिवांगी के लिए ये जर्नी इतनी आसान नहीं रही है. उन्होंने करियर के शुरुआती दौर में कई रिजेक्शन झेले हैं.

**सीनियर्स ने उड़ाया मजाक**

ई-टाइम्स से बातचीत में शिवांगी ने बताया था कि उनके पहले शो में एक्टिंग को लेकर सीनियर्स ने उनका मजाक उड़ाया था. शिवांगी ने बताया, लोग कहते थे पता नहीं कहां से ले आते हैं, सिर्फ शक्ल देखकर ले आते हैं, एक्टिंग तो आती नहीं, हमारा समय बर्बाद हो रहा है.

वहीं टेली चक्कर को दिए इंटरव्यू में शिवांगी ने कहा था, मेरे साथ खराब ट्रीटमेंट हुआ. मेरे डेब्यू शो को दौरान कई ऐसे सीनियर एक्टर्स थे, जो नए चेहरे को एप्रिशिएट नहीं करते हैं. उस वक्त मुझे ज्यादा कुछ पता नहीं था. वहां पर कुछ सीनियर एक्टर्स ने मेरी शिकायत की थी. उन्होंने कहा था कि मुझे कुछ नहीं आता.

**इन शोज में शिवांगी ने किया काम**

बता दें कि शिवांगी ने शो खेलती है जिंदगी आंख मिचोली से डेब्यू किया था. इसके बाद वो बेइंतहा में नजर आईं. उन्होंने लव बाय चांस, बेगूसराय, ये है आशिकी, प्यार तूने क्या किया, बालिका वधू 2, फियर फेक्टरः खतरों के खिलाड़ी 2 जैसे शोज किए हैं.



शिवांगी को सबसे ज्यादा फेम शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से मिला. वो इस शो में हिना खान की बेटी के रोल में थीं. शो में मोहसिन खान संग उनकी केमिस्ट्री देखने को मिली थी.

## न्यूज फ्लैश

### 4.60 लाख रुपये लेकर चंपत हुआ नौकर

**- कुछ दिन पहले ही काम पर रखा था**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मांट थाना क्षेत्र के गांव नगला बैसला में रहने वाले एक किसान के घर से अलमारी में रखे 4.60 लाख रुपये चोरी चले गए। घटना के बाद से ही कुछ दिन पहले घर में काम के लिए रखा नौकर गायब है। इसकी शिकायत थाना पुलिस से की गई है वहीं पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मांट थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला वैसला निवासी चोब सिंह ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए घर में 4.60 लाख रुपए रखे थे चोब सिंह को एजेंसी से 10 नवम्बर को ट्रैक्टर खरीदना था लेकिन किसी कारणवश एजेंसी पर बात नहीं बनी और ट्रैक्टर के लिए 11 नवम्बर के लिए बोल दिया गया जब चोब सिंह ने 11 नवंबर को अलमारी खोली तो देखा कि उसमें रखे सारे रुपए गायब हैं। चोब सिंह का आरोप है कि उन रुपयों को पिछले कुछ दिनों से घर में काम करने के लिए रह रहा नौकर चुराकर ले गया है वहीं परिजन थाना मांट पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। वहीं शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने तीन गो तस्कर दबोचे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

पुलिस ने तीन गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। थाना जैंत पुलिस ने इनके कब्जे से एक मोटसाइकिल, दो चाकू, एक तमन्चा बरामद किया है। थानाध्यक्ष जैत अजय वर्मा के मुताबिक सोमवार को गो तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों सद्दाम पुत्र पीरु निवासी ग्राम मीरपुर थाना कोतवाली खुर्जा जिला बुलन्दशहर, नूरमोहम्मद पुत्र मुन्ने खां निवासी मोहल्ला तरीनान हाजी कोठी के पास खुर्जा बुलन्दशहर तथा राशिद पुत्र रहमतुल्ला निवासी ग्राम मामन कलाँ थाना कोतवाली देहात बुलन्दशहर जिला बुलन्दशहर को मवेरा बाटी चौराहा से एक बिना नम्बर प्लेट की मोटसाइकिल, दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया ।

### प्रियाकान्त जू मंदिर से बच्चों को मिले वस्त्र, मिष्ठान

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रियाकांत जू मंदिर द्वारा जरूरतमंद परिवारों के बच्चों संग दीपोत्सव का पर्व मनाया गया। मंदिर संस्थापक देवकीनंदन महाराज ने बच्चों को वस्त्र, मिष्ठान वितरित किए। संस्था सदस्यों ने बच्चों के बीच पटाखे, अनार चलाएं। बच्चों ने फुलझड़ी, रोशनी चलाकर दीपावली की खुशी का इजहार किया। महिलाओं को साड़ी वितरित की गयीं। रविवार को विश्व शांति सेवा चौरीटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज संस्था कार्यकताओं के साथ सौंख रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे। यहां उन्होने स्ट्रीट स्कूल के बच्चों के साथ ही सड़क पर झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे परिवारों के साथ दीपावली मनायी। उन्होने छोटे बच्चों को मिष्ठान के साथ गर्म स्वेटर एवं महिलाओं को साड़ी का वितरण किया। संस्था सदस्यों ने बच्चों के बीच अनार, चकरी, पटाखें चलाये तथा बच्चों से फुलझड़ी, रोशनी आदि चलवायीं। इस अवसर पर देवकीनंदन महाराज ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है । जीवन के उल्लास और खुशियों के प्रकाश पर सभी का अधिकार है । समाज के अंतिमजन तक प्रेम सद्भाव का यह प्रकाश पहुँचे तभी दीपोत्सव का पर्व सार्थक है। स्ट्रीट स्कूल संचालक सतीश चन्द्र शर्मा ने संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्यामसुन्दर शर्मा, मनमोहन शर्मा, योगेश रावत, देवांश शर्मा, धर्मेन्द्र यदुवंशी, जगदीश वर्मा, अमित, संदीप, तनु सिंह आदि मौजूद रहे।

### मोमबत्ती से चारपाई में लगी आग, जिंदा जले भाई-बहन

**मीरजापुर/टीम एक्शन इंडिया**

राजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा गांव में सोमवार की सुबह मोमबत्ती से चारपाई में लगी आग से झुलसकर दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे चारपाई पर सो रहे थे। बच्चे घर पर अकेले थे। माता-पिता काम पर निकले थे। आग इस तरह लगी कि घर का चिराग ही बुझ गया। घटना से दीपावली पर परिवार में अंधेरा छा गया।

सोनवर्षा गांव निवासी डब्लू कोल पुत्र मोती कोल व उसकी पत्नी एक वर्षीय पुत्र एवं तीन वर्षीय पुत्री को चारपाई पर सोता छोड़ घर से रोजमर्रा के काम के लिए बाहर निकल गए थे। चारपाई के पास जल रही मोमबत्ती चारपाई पर गिर गई और सो रहे दोनों बच्चों को आग ने अपनी आगोश में ले लिया। जब डब्लू पत्नी के साथ घर पहुंचा तो बच्चे आग में गंभीर रूप से झुलस गए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल झुलसे बच्चों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ केंद्र लालगंज पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बच्चों की हालत गंभीर देख मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# राया अग्निकांड में झुलसे एक दर्जन से अधिक की हालत गंभीर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

दीपावली के दिन राया के गोपाल बाग में लगे आतिशबाजी बाजार में हुए अग्निकांड में झुलसे लोगों में से 12 की हालत गंभीर बनी हुई है। इन्हें सोमवार की शाम मथुरा के जिला चिकित्सालय से आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। आगरा रेफर किये गये गंभीर घायलों में एक 10 वर्षीय बच्ची सहित छह नाबालिग हैं। जिला अस्पताल मथुरा के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. मुकुंद बंसल ने बताया कि हादसे के बाद



दोपहर करीब 3.30 बजे से घायलों का जिला अस्पताल पहुंचा हुआ शुरू हुआ था। गंभीर अवस्था को देखते हुए करीब साढे छह बजे से 12 घायलों को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। हादसा दीपावली के दिन रविवार की दोपहर में करीब दो बजे राया के गोपाल बाग में लगे आतिशबाजी बाजार में आग लग जाने से हुआ। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात फायर बिग्रेड का एक पुलिसकर्मी भी झुलस गया। जिला अस्पताल से आगरा रेफर किये गये घायलों में जितिन पुत्र मोहन उम्र 14, रिंकू पुत्र मोहन उम्र 22, राहुल पुत्र दिनेश चंद उम्र 15, अनिल पुत्र सुल्तान 20, लाखन पुत्र सुल्तान सिंह उम्र 14, राजेश पुत्र मोहन उम्र 16, ठाकुरदास पुत्र सुल्तान सिंह उम्र 35, खुशी पुत्री वीरेन्द्र सिंह उम्र 10, पप्पू पुत्र वेदराम उम्र 40, मोहन पुत्र हरीशचंद उम्र 45, सुशील पुत्र सुल्तान सिंह 28, कोमल सिंह पुत्र प्रेमवीर सिंह उम्र 13 हैं। सीएमएस ने बताया कि रेफर किये गये मरीजों में से कई 90 प्रतिशत तक झुलस गये हैं। सूत्रों के मुताबिक इसके अलावा अग्निकांड में घायल हुए कई लोगों का दूसरे चिकित्सालयों में इलाज चल रहा है। सीएमओ डा.अजय कुमार ने बताया कि पानी गांव में इस घटना में घायल हुए एक मरीज हैं, उन्हें गांव जाकर देखा गया है तीनों खतरे से बाहर हैं। खबर लिखे जाने तक सीएमओ ने बताया इस हादसे में किसी की मौत की सूचना नही है।

## पीएसी बटालियन में तैनात कर्मी की गोली मारकर हत्या




**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पीएसी चतुर्थ बटालियन में तैनात एक जवान की रविवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी विनीत जायसवाल ने सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब ढाई बजे पुलिस को 112 नम्बर पर सूचना मिली कि मानस नगर कॉलोनी के पास एक व्यक्ति को उसके घर के बाहर गेट पर गोली मारकर घायल कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सिंचाई कर लौट रहे किसान की मौत



**बदायूं/टीम एक्शन इंडिया**

उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव के पास खेत की सिंचाई कर रविवार देर रात घर लौट रहे किसान की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची उघैती थाना पुलिस ने सोमवार को किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी।

उघैती थाना क्षेत्र ईख खेड़ा गांव के रहने वाले कल्यान का 40 वर्षीय बेटा नेमपाल खेती किसानी का काम करता था। नेमपाल रविवार देर रात खेत की सिंचाई करके साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के बाहर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

नेमपाल की मौत हो गई। नेमपाल के घर वापस न लौटने पर परिवार वालों ने खेत पर जाकर देखा तो रास्ते में नेमपाल मृत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद परिवार वालों ने रात में ही उघैती थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले में पड़ताल शुरू कर दी।

## गोमाता के आशीर्वाद से उत्पन्न हुए रघु और रघुकुल

**अयोध्या/टीम एक्शन इंडिया**

भगवान विष्णु के श्रीराम रूप में अयोध्या में अवतार ग्रहण करने से पहले ऋषि, मुनि, तपस्वी अयोध्या पहुंच जाते हैं और घनघोर तपस्या करते हैं। उनकी तपस्या से अयोध्या में सकारात्मक ऊर्जा की सघनता बढ़ जाती है। जिसके कारण अवतार का मार्ग प्रशस्त होता है। चैत्र रामनवमी को भगवान राम का जन्म अयोध्या में होता है और धर्मग्रंथों के अनुसार श्रीराम का जीवन चरित आरंभ हो जाता है।प्राचीन इतिहास की पुस्तकों में एकमत है कि अयोध्या सूर्यवंशी सम्राटों की राजधानी रही है। श्रीराम चरित मानस के विद्वान डॉक्टर विश्वजीत मिश्र बताते हैं कि सूर्यवंश में ही प्रतापी राजा रघु हुये,जो महाराज दिलीप के पुत्र थे।

## गरीब बेसहारा बच्चों को मिठाई, खिलौने पटाखे किये वितरण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा पांच दिवसीय त्योहार दीपावली के अवसर पर झुग्गी झोपडी में जिंदगी बसर करने वाले मजदूर वर्ग के लोग साथ ही साथ बच्चे जो इस खास त्योहार को मनाने में असमर्थ है, इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा उनको खुशियों की पोटली का वितरण किया गया। वहीं मौजूद दिशा इंस्टीट्यूट की डायरेक्टर शिखा अग्रवाल ने कहा कि जैसे मां लक्ष्मी सब की जिंदगी में ढेर सारी खुशियां लेकर आती हैं। उसी तरह आज एसएफ हैल्पिंग हैंडस सोसाइटी की टीम ने भी मां लक्ष्मी के आशीर्वाद से झुग्गी झोपड़ी में रह



रहे गरीब और जरूरतमंद परिवारों और नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए खुशियों की पोटली लेकर आये हैं।

जिसमें सभी के लिए मिठाई पटाखे बच्चों के लिए चिप्स और बिस्किट आदि शामिल हैं। सभी इन खुशियों की पोटली को पाकर बहुत खुश नजर आए। ढेर सारा आशीर्वाद सभी सदस्यों को दिया।

संस्था की वरिष्ठ सदस्य अंकिता शर्मा ने बताया कि दीपावली का त्योहार खुशियों का त्योहार होता है।

संस्था द्वारा पिछले सात साल से निरंतर ऐसे झोपड़ी में रह रहे। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के 500 से अधिक बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। साथ ही साथ पियूष बंसल ने बताया की इस दिवाली संस्था द्वारा 365 लोगों को खुशियों की पोटली सभी के सहयोग से वितरित की गई। इस मौके पर उदिता, प्रीती, ज्योति, शिवानी, अविनाश, साक्षी आदि लोगों का सहयोग रहा। साथ ही राजन, तुषार, निशांत, राहुल, भारत आदि मौजूद थे।

# मथुरा पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया 50 हजार का इनामी फारूख

**एनकाउंटर**

**8 लूट और हत्या की घटना में पुलिस ने फारूख की गिरफ्तारी पर घोषित किया था 50 हजार का इनाम**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना हाईवे क्षेत्र में गुरूकृपा कालोनी में कारोबारी के घर में हुई लूट व हत्या की घटना को आंजाम देने वाले 50 हजार के इनामिया बदमाश फारूख को मथुरा पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। फारुख को थाना हाईवे पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही में ढेर कर दिया।



इसके कब्जे से एक पिस्टल 7.65 एमएम, छह खोखा कारतूस, तीन जिंदा कारतूस, करीब 50 लाख कीमत के सोने चांदी के आभूषण, 21,88,000 रुपए नगदी व लूट की इनोवा कार बरामद की है। पुलिस ने करीब ऐ करोड़ की बरामदगी दिखाई है। कारोबारी कृष्ण अग्रवाल के ड्राइवर मोहसीन खान पुत्र कदीर खान निवासी मटिया दरवाजा डींग गेट चौकी डींग गेट थाना गोविन्द नगर मथुरा द्वारा अपने साथी फारुख पुत्र करीम मंसूरी उर्फ मुल्ले निवासी मटिया दरवाजा डींग गेट थाना गोविन्द नगर जनपद मथुरा के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। 10 नवंबर को ड्राइवर मोहसीन खान को मुठभेड़ के पहले ही गिरफ्तार कर कर लिया गया था। फारुख पुत्र करीम मंसूरी उर्फ मुल्ले निवासी मटिया दरवाजा डींग गेट थाना गोविन्द नगर जनपद मथुरा फरार चल रहा था।

**थाना हाईवे** क्षेत्र में गोवर्धन रोड पर एक सत्संग ग्राउंड में 50 हजार के इनामी फारूख की मथुरा पुलिस की एसओजी और थाना हाईवे पुलिस की टीम से मुठभेड़ हुई। फारूख मुठभेड़ में घायल हुआ जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। सूचना प्राप्त हुई थी फारूख गोवर्धन रोड के रास्ते राजस्थान की तरफ निकलने वाला है। इसी सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की थी। घेराबंदी के उपरांत अपराधी ने लगातार फायरिंग की, जवाबी कार्यवाही में उसे गोली लगी। उसके पास से घटना में लूटी गई कार, एक बैग और असलाह बरामद हुआ है।
**- शैलेश पांडेय, एसएसपी मथुरा**

## धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने को हो रही पाकिस्तान से फंडिंग

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**

उत्तर प्रदेश में आतंकवाद फैलाने के लिए सीमा पार पाकिस्तान से फंडिंग की जा रही है। एटीएस ने गिरफ्तार किए गए सात आतंकियों से मिले इनपुट के आधार पर यह खुलासा किया है। इन आतंकियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की जांच टीम गाजियाबाद के फरीदनगर स्थित केनरा बैंक तक पहुंची जहां पर फंडिंग का खुलासा किया गया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले एक महीने में करीब 70 लाख रुपये की फंडिंग की गई है जिससे उत्तर प्रदेश में त्योहार के मौकों पर आतंकी साजिश को अंजाम दिया जा सके। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद एटीएस ने पाकिस्तान के एक अज्ञात स्लीपर सेल के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

गाजियाबाद के फरीदनगर में केनरा बैंक में खोला गया खाता रियाजुद्दीन नाम के किसी व्यक्ति के नाम से खोला गया है। जबकि मोबाइल नंबर बिहार के चंपारण जिले के इजहारुल हुसैन नाम के व्यक्ति का दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आतंकियों से प्राप्त इनपुट के आधार पर जानकारी मिली है कि यह खाता इजहार उल हुसैन ही ऑपरेट कर रहा था। एटीएस का मानना है कि पाकिस्तान में बैठे उनके आका किसी बड़े हमले की तैयारी कर रहे थे। वह धार्मिक स्थान सरकारी प्रतिष्ठानों आदि को निशाना बनाने की फिराक में थे।

एटीएस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश में और अस्थिरता फैलाने के लिए पाकिस्तानी एजेंट अपने पाकिस्तानी हैंडलर से बातचीत के लिए विभिन्न तरह के कॉलिंग ऐप का प्रयोग करते थे। इससे पहले एटीएस ने 4 नवंबर को तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया था।

## खेत में मिला युवक का शव

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

रामताल में कृष्णा कुटीर आश्रय सदन के पास खेत में अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। जैंत थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा कुटीर महिला आश्रय सदन के सामने रविवार की सुबह खेत में अज्ञात युवक का शव विक्षत अवस्था में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक का हाथ और सिर का हिस्सा गायब था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया तथा फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए। स्थानीय लोगों द्वारा हत्या कर शव फेके जाने की आशंका व्यक्त की। जैंत थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि मृतक स्वेटर और नीले रंग की पैंट पहने हुए था, मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष तथा शव देखने में दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## बरसाना में भूमि अधिग्रहण के विरोध के लिए बनी समिति

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बरसाना में किसानों की ओर से कथित भूमि अधिग्रहण को लेकर आंदोलन खडा किया जा रहा है। आंदोलन को आगे बढ़ाने और धार देने के लिए किसानों ने संघर्ष समिति का गठन किया है।

सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण को लेकर दूसरी बार पंचायत की गई। यह पंचायत बरसाना स्थित चतुभुर्जी मंदिर पर हुई। इस पंचायत में बरसाना के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और आगे लडने के लिए एक संघर्ष समिति का गठन किया। वहीं किसानों का कहना है कि हम अपने परिवार का पालन पोषण



इसी भूमि के द्वारा प्राप्त फसलों के द्वारा करते हैं तथा अपनी छोटी छोटी जरूरतें इसी के द्वारा प्राप्त फसलों के विक्रय करके पूरी करते हैं अगर यह भूमि हमसे छीन गई तो हम तो रोड पर आ जाएंगे और हम अपने और अपने परिवार का पालन पोषण किसके सहारे करेंगे। किसानों का कहना है कि यही भूमि ही हमारी जीवका है और कोई दूसरा रोजगार भी हमारे पास नहीं है किसानों का कहना है कि अगर भूमि हमसे छीन गई तो वह दिन दूर नहीं रहेगा जब हमें बरसाना से पलायन करना पड़ेगा वही एक किसान निरोती का कहना है कि मेरे बेटे फौज में रहकर देश की जमीन की रक्षा कर रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी जमीन का अधिग्रहण सरकार करने जा रही है तथा सभी किसानों का कहना है कि हम अपनी जमीन अधिग्रहण नहीं होने देंगे चाहे हमें हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़े और यह लड़ाई हम अपनी अंतिम सांस तक लड़ेंगे इस बीच उपस्थित किसान मूलचंद छोंकर, नगर पंचायत चौयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी, निरोति, पुरुषोत्तम शंकर, नत्थी सिंह, पदमसिंह, लखन सिंह, रघुवीर यादव, सुंदर चौधरी चंद्रशेखर आदि किसान मौजूद रहे।

# दुस्साहसः सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर बेचते थे नवजात बच्चे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

नवजात शिशुओं को चोरी कर सोशल मीडिया पर प्रचार कर बेचने का धंधा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। सोशल मीडिया पर चल रहे एक विज्ञापन जिसमें जरूरतमंद लोगों के लिए बच्चे की उपलब्धता सम्बन्धी विज्ञापन अंकित था। उसमें दिये गये मोबाइल नम्बर पर पुलिस टीम द्वारा वार्ता की गई तो विज्ञापन में लिखे नम्बर बात की उनके पास आज की ही पैदा हुई एक नवजात बच्ची है। उन लोगों ने यह भी बताया कि वो लडके के लिए चार लाख रुपये और लडकी के लिए दो लाख रुपये लेते हैं। इस पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर उन्हें बच्चा लेकर मथुरा बुला लिया



और बच्ची के तीनों अभियुक्तों को राधिका विहार तिराहा से गिरफ्तार कर लिया। सीडब्लूसी एंव मानव तस्करी विरोधी इकाई, विशेष किशोर पुलिस इकाई व साइबर सेल मथुरा की संयुक्त कार्यवाही में नवजात शिशु तस्कर गिरोह से सम्बन्धित एक महिला सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से एक नवजात शिशु (बच्ची) बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक ये लोग अब तक 20 से 25 बच्चों को खरीद बेच चुके है। इस कार्य में कुछ अन्य लोग भी सम्मिलित हैं। इस बच्ची के बारे में बताया कि यह आगरा के एक सरकारी अस्पताल में पैदा हुई थी। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मानव तस्करी विरोधी इकाई जनपद मथुरा कर्मवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक साईबर सैल जनपद मथुरा जयवीर सिह, अध्यक्ष सीडब्लूसी जिला मुख्यालय जनपद मथुरा राजेश दीक्षित, सदस्य सीडब्लूसी जिला मुख्यालय जनपद मथुरा मोहनी शर्मा आदि शामिल थे। सीडब्लूसी की सूचना पर धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र नत्थीलाल शर्मा निवासी गांव बांस बादाम थाना एत्मादपुर जनपद आगरा, श्याम पुत्र गिर्राज किशोर निवासी महावीर नगर रामबाग थाना ट्रान्सजमुना कॉलोनी जनपद आगरा तथा एक महिला को नवजात शिशु (बच्ची) के साथ राधिका विहार तिराहा थाना कोतवाली जनपद मथुरा से गिरफ्तार किया गया।

एसपी क्राइम के नेतृत्व में एक मानव तस्करी गैंग का खुलासा किया गया है। इसमें नवजात बच्चों की तस्करी का मामला सामने आया है। इसमें तीन अभियुक्त गिरफ्तार किये गये हैं। गिरफ्तार महिला एक हॉस्पिटल में नर्स है। गिरफ्तार सभी लोग आगरा के रहने वाले हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म का यह गैंग तस्करी के लिए उपयोग करता था। करीब डेढ़ साल से ये लोग इस काम में लगे हुए थे।
**- शैलेश पांडेय, एसएसपी मथुरा**

## असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की ग्राम देवता मंदिर की मूर्तियां

**चोरी**

**8 इतना ही नहीं मंदिर में रखे दान पात्र को तोड़कर पैसे भी चोरी कर लिए हैं।**

**बदायूं/टीम एक्शन इंडिया**

जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के भुसाया गांव में रविवार की रात में असामाजिक तत्वों ने ग्राम देवता के मंदिर में रखी मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं मंदिर में रखे दान पात्र को तोड़कर पैसे भी चोरी कर लिए हैं।



भुसाया के लोगों को कहना है कि खेतिहर इलाके में ग्राम देवता का प्राचीन मंदिर है। इस मंदिर पर दीपावली के पर्व पर रविवार रात सभी गांव के लोग पूजा अर्चना करके आए थे। इसके बाद देर रात में असामाजिक तत्वों ने मंदिर में रखी भगवान शंकर जी, गणेश जी, पार्वती जी मां चामुंडा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा मंदिर में रखे दान पत्र को तोड़कर पैसे भी चोरी कर लिए हैं। सोमवार सुबह जब गांव के कुछ लोग मंदिर पर साफ-सफाई व पूजा अर्चना करने पहुंचे तो देखा कि मंदिर का गेट टूटा हुआ है और मूर्तियां भी क्षतिग्रस्त है। इसके बाद ग्रामीणों की वहां भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने देखा कि मंदिर में रखे दान पात्र को तोड़कर चोरी भी की गई है। पूरे मामले की सूचना इस्लामनगर थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# राजनीतिक दलों को चुनावी घोषणा पत्र के साथ बजटीय प्रावधान की जानकारी भी देनी चाहिए: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने झज्जर में प्रदेशवासियों को त्यौहारी सीजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चुनाव आयोग व अन्य संबंधित संस्थाओं को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिसमें राजनीतिक पार्टियों द्वारा चुनावों के दौरान की जा रही घोषणाओं के साथ उक्त प्रदेश का बजटीय आंकलन भी घोषणा पत्र में प्रकाशित होना चाहिए। कांग्रेस बड़ी बड़ी झूठी घोषणा करके वोट बटोरने में माहिर है। बजट के अभाव में वादे पूरे होते नही। इस तरह से जनादेश की चालाकी से की जा रही चोरी को रोकने का समय आ गया है। यह गंभीर विषय है इस पर बड़े स्तर पर



चर्चा होनी चाहिए।
धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र में हितसाधक या कहिये लाभार्थियों को भी यह पता चले कि घोषणा को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार के पास बजटीय प्रावधान है या नही। या केवल झूठी घोषणा ही है।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में पिछले विधानसभा चुनावों में घोषणा की थी कि कांग्रेस की सरकार बनते ही 10 दिन में किसानों का कर्जा माफ कर देंगे। कांगेस सरकार द्वारा कर्ज माफी का वादा तय समय मे पूरा नहीं करने पर एक किसान ने तो वीडियो बनाकर आत्महत्या कर ली थी।

धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की घोषणा की थी । अब कांग्रेस के मुख्यमंत्री योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार से बजट की मांग कर रहे हैं।
धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अब भी चुनावी प्रदेशों में भी बजट का आंकलन किए बिना झूठे वादे कर रही है। चाहे छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश , राजस्थान हो या अन्य राज्य। झूठे वादे कर जनादेश की चोरी करना कांग्रेस की आदत बन चुका है।

**राम सर्वव्यापक हैं**
धनखड़ ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस भगवान श्री राम को काल्पनिक मानती रही है। जबकि भगवान श्रीराम सर्वव्यापक हैं । ईश्वर के पर्याय है राम।
राम की महिमा अनंत हैं।कांग्रेस ने अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण कार्य को रोकने के लिए 21 -21 वकील माननीय अदालत में पैरवी के लिए लगाए।
कांग्रेसियों को पता नही है की हर भारतीय के ह्रदय में राम बसता है। हे राम! कांग्रेस को सद्बुद्धि दे। इस अवसर पर जिप चैयरमेन कप्तान बिरधाना, दिनेश घिलोड सहित पार्टी कार्यकताओं ने एक दूसरे को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए मुंह मीठा करवाया।

# अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्रियों की भाजपा नेताओं से भी साठगांठ : अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सोमवार को बयान जारी कर यमुनानगर और अंबाला में जहरीली शराब से हुई 19 लोगों की मौत को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंन कहा कि पूरे हरियाणा में सरकार की सांठगांठ से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इस केस में कांग्रेस नेता मांगेराम मारूपुर और जेजेपी नेता के बेटे की गिरफ्तारी दिखाती है कि इनकी सांठगांठ से शराब का कारोबार चल रहा था। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बड़े स्तर पर शराब घोटाला हो रहा है। यह शराब घोटाला हजारों करोड़ रुपए का है। नकली शराब से अभी तक दो जिलों के लोग प्रभावित हुए हैं। अभी देखना है कि कितने जिलों में मौत का



कारोबार चल रहा था। शराब घोटाले में मृत लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसको संगठित तरीके से अंजाम दिया गया था।
उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में खुलेआम नकली शराब बिक रही है, नकली शराब की होम डिलीवरी तक हो रही है। इससे पहले भी सोनीपत और पानीपत के मामले को हरियाणा की भाजपा सरकार ने दबाने का काम किया था। खट्टर सरकार युवा पीढ़ी को नशे में डूबा रही है और प्रदेश की महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में सरकार और माफिया की मिलीभगत से अवैध ठेके चल रहे हैं। नेताओं के संरक्षण में नकली शराब की फैक्ट्रियां चल रही हैं।
उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार की नीति से युवा शिक्षित नहीं शराबी बन रहा है। शराब घोटाले की वजह से गई जानों की ज़िम्मेदार खट्टर सरकार है। उन्होंने कहा कि इस मामले की हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाई जानी चाहिए, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जा सके।

# दी रूरल ऑरगनाईजेशन फॉर एवेयरनैस एंड डिवलैपमैंट संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
संस्कृति ही हमारे समाज का आधार है- ये शब्द मानव भारती हाई स्कूल, एकता कॉलोनी, रोहतक के निदेशक भरत चावला ने दी रूरल ऑरगनाईजेशन फॉर एवेयरनैस एंड डिवलैपमैंट संस्था रोहतक द्वारा आयोजित हरियाणा की समृद्ध संस्कृति पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कहे। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम रोहतक शहर की एकता कॉलोनी में स्थित मानव भारती पब्लिक स्कूल रोहतक के प्रांगण में हुआ। रोड़ संस्था द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सौजन्य से आयोजित करवाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था से जुड़े हरियाणवी कलाकारों व स्कूल की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर अपनी-अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया व इसके अलावा इस दौरान तरह-तरह के हरियाणवी गीतों व नृत्यों के

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**8 यह कार्यक्रम रोहतक शहर की एकता कॉलोनी में स्थित मानव भारती पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुआ।**

माध्यम से सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश दिया। इस आयोजन के दौरान संस्था से जुड़े कलाकारों व छात्राओं ने सांस्कृतिक झांकियों के माध्यम से संस्कृति बचाओं का संदेश दिया। संस्था की प्राचार्य श्रीमती भारती चावला ने कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक झांकियों की प्रशंसा करते हुए बताया कि इन कलाकारों व छात्राओं ने सम्मान के योगय संस्कृति की प्रस्तुती देकर हमें संस्कृति बचाने का संदेश दिया है कि हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि हमें इसे और अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए। इसके अलावा संस्था के अधिकारियों ने भी संस्कृति को बढ़ाने व शिक्षित समाज बनाने के लिए जोर दिया।
संस्था के निदेशक गणेश कुमार ने बताया कि जब तक समाज में संस्कृति बरकरार है, उस समाज को कोई नहीं तोड़ सकता। अतः हमें अपने देश प्रदेश यहां तक की समाज की संस्कृति को भी संजोकर रखना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आधुनिक समाज से परे अपने देश की संस्कृति को भी न भूलने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था से जुड़े कलाकार रवि कुमार, हिमांशु व समाज सेवी मिलन व स्कूल के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और संस्था की तरफ से कलाकारों व बच्चों को सम्मानित किया गया।
फोटो फाईल : 3 जेपीजी
निदेशक गणेश कुमार
दी रूरल ऑरगनाईजेशन फॉर एवेयरनैस एंड डिवलैपमैंट संस्था
फोन नं. : 9416384735

## हरियाणा में बड़े स्तर पर हो रहा शराब घोटाला : डॉ. तंवर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति अध्यक्ष और डॉ. अशोक तंवर ने शनिवार को बयान जारी कर यमुनानगर जहरीली शराब से हुई 17 लोगों की मौत को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंन कहा कि पूरे हरियाणा में अवैध ठेके चल रहे हैं और गली गली में अवैध शराब बिक रही है। हरियाणा में बड़े स्तर पर शराब घोटाला हो रहा है। यह शराब घोटाला हजारों करोड़ रुपए का है। शराब घोटाले में मृत लोगों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। खुलेआम नकली शराब बिक रही है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू कर कामगार वर्ग का बढ़ाया मान

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि निर्माण एवं सृजन के जनक भगवान विश्वकर्मा की देन से आज करोड़ों लोग अपने हाथ का रोजगार करके परिवार का पेट पाल रहे हैं। उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हमेशा पिछड़ा वर्ग कमेरा कामगार को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह भगवान विश्वकर्मा दिवस समारोह के उपलक्ष में श्री विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्यामलाल



जांगड़ा भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर समारोह में उपस्थित रहे।
राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि भगवान ने प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे से अलग बनाया है लेकिन उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को एक अलग तरह की कला दी है। जैसे मेरे अंदर खेल की कला थी। मैंने उसे पहचान कर देश का नाम विश्व के पटल पर रोशन किया। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को अपने अंदर छिपी कला को पहचानना होगा। तभी निरंतर आगे बढ़ा जा सकता है। पिछड़ा वर्ग को मान सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शीर्ष पदों पर इस वर्ग के लोगों को बैठाया ताकि इस समाज के दबे हुए वर्ग को दूसरों के सामान लाकर खड़ा किया जा सके। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ही खिलाडि?ों की राशि में वृद्धि की ताकि सभी खिलाड़ी आगे बढ़ सकें।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के कामगार वर्ग के कल्याण के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई। जिसके तहत 13 हजार करोड रुपये केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग के विकास एवं रोजगार पर खर्च करने का प्रावधान तय किया।

# हरियाणा के गृहमंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
जहरीली शराब मामले में यमुनानगर और अंबाला पुलिस की टीमें अवैध शराब बेचने वाले 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं। इस खेल का मास्टरमाइंड अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। राज्य में अवैध शराब के कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अंबाला और यमुनानगर के जिला पुलिस अधीक्षकों को जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।
दरअसल, मंगलवार से लेकर अब तक यमुनानगर में 17 और अंबाला में 2 लोगों की मौत जहरीली शराब पीने से हो चुकी है। इस मामले में यमुनानगर और

**गिरफ्तार**

**8 जहरीली शराब मामले में पुलिस की टीमें अवैध शराब बेचने वाले 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं।**

अंबाला की पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इसमें सबसे बड़ा मास्टरमाइंड अंकित उर्फ मोगली अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसी बीच हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने अंबाला और यमुनानगर के जिला पुलिस अधीक्षकों को इस शराबकांड के आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।
मुनाफे के चक्कर में घर-घर बेची जा रही अवैध जहरीली शराब पीने से यमुनानगर और अंबाला में 19 लोगों की जान चली गई है। अभी 4 से अधिक लोगों का इलाज अस्पताल में जा रही है और वह जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। यमुनानगर के गांव सारण निवासी पृथ्वीराज की जहरीली शराब पीने से तबीयत खराब हो गई थी, जिसका नागरिक अस्पताल अंबाला में इलाज चल रहा है। पृथ्वीराज का कहना है कि हर गांव की हर गली में हर दूसरे-तीसरे घर में 20 रुपये में शराब बिक रही है। मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोग जहर बेच रहे हैं।

# दीपावली का पावन पर्व सुख-समृद्धि, रिद्धि, सिद्धि, वृद्धि का प्रतीक है- बजरंग गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
अग्रोहा धाम में दीपावली का पावन पर्व पर माता महालक्ष्मी जी की विशेष पूजन व वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अग्रोहा धाम में माता लक्ष्मी जी की पूजन करने के उपरांत कहा कि दीपावली हिंदुओं का मुख्य त्यौहार है। इसको देश में सभी धर्म के लोगों ने बड़ी उत्साह से बनाया है। दीपावली के दिन अग्रोहा धाम को लाईट व दीपों से भव्य रूप से सजाया गया और मिट्टी के दीपों से शाम होते ही चारों तरफ दीवों की भव्य रोशनी की गई। दीपावली का त्यौहार सुख-समृद्धि, रिद्धि सिद्धि वृद्धि का प्रतीक है। दीपावली के अगले दिन अंकूट गोवर्धन पूजा का पर्व देश भर में मनाया जाता है। लक्ष्मी माता जी वह शक्ति है जो हमारी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। विष्णु समृद्धि में लक्ष्मी माता जी स्वयं रहती है कि मेरा निवास धर्म में परायण, साधु प्रकृति वाले मनुष्य, जनता की सेवा, अतिथियों की पूजा करने वाले, अपनी पत्नी को खुश रखने वाले, धर्म में रत रहने वाले, सत्य पर चलने वाले, साफ सुथरा घर रखने वाले, दयालु व धार्मिक लोगों के यहां ही लक्ष्मी जी वास करती है। बजरंग गर्ग ने कहा कि 31 दिसंबर को नव वर्ष की पूर्ण संध्या पर अग्रोहा धाम में भव्य श्री श्याम जी, श्री बालाजी उत्सव, हवन-पूजन व भंडारा होगा। 31 दिसंबर को सेंट्रल ए.सी. भोजनालय कक्ष का उद्घाटन भी किया जाएगा। श्री गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में नौका विहार व छोटे बच्चों के लिए अलग से वोटिंग चालू की गई है। इसके साथ-साथ अप्पू घर का विस्तार व अनेकों प्रकार की झांकियां ओर तैयार की जा रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि जनता के सहयोग से करोड़ों रुपए की लागत से अग्रोहा धाम में विकास कार्य चल रहे है। अग्रोहा धाम में करोड़ों रुपए की लागत से सेंट्रल ए.सी. मथुरा भवन को तैयार किया जाएगा।

# बलदेव नगर में उपभोक्ताओं की शिकायतों का आज होगा निवारण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में आज प्रातः 11:00 से दोपहर 01:00 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम यूएचबीवीएन अम्बाला की अध्यक्षकता वी.के.गोयल अधीक्षक अभियंता करेंगे। सर्कल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं।
ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधित के सन्यायालय में विचाराधीन है, जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबंधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।
उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि बिजली से संबंधित अपनी समस्याओं व शिकायतों का समाधान करवाएं।

# हिसार: आठ अपराधियों पर किया इनाम घोषित

## शरण देने वालों की सूची भी तैयार कर रही पुलिस : मोहित हांडा

**विशेष अभियान**

**8 फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है।**

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
जिले के विभिन्न पुलिस थानों में नामजद व फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है। इसके तहत पुलिस ने हत्या, हत्या प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण और एनडीपीएस के



विभिन्न मामलों में फरार आठ अपराधियों पर 40 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने सोमवार को बताया कि इनाम की राशि अपराधियों को गिरफ्तार करने और उनकी गिरफ्तारी में सहायता करने वालों को पुलिस विभाग की ओर से प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही अपराधियों की संपत्ति की भी सूची पुलिस तैयार कर रही है। इन अपराधियों की फरारी के दौरान इन्हें अपने ठिकानों पर शरण देने वालों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है कि अपराधियों के बारे में जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के अनुसार जिले के आठ अपराधियों पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इनमें खारिया निवासी आशीष उर्फ लालू, भैणी बादशाहपुर निवासी पवन उर्फ नागड़ व देवेंद्र उर्फ सागर, ठसका निवासी वीरेंद्र उर्फ भोपा, दौलतपुर निवासी अमरदास उर्फ अमरु, सीसवाल निवासी मुकेश उर्फ गिरी, भिवानी जिले के गांव ढाणी भाकरा निवासी प्रदीप कुमार, राजस्थान के जोधपुर जिले के मुलराज निवासी सुनील कुमार शामिल है।

# 21 हजार दीये लगा भगवान श्रीराम और SYL के साथ मनाई दिवाली

**टीम एक्शन इंडिया/जयहिंद**
सेना के प्रमुख नवीन जयहिंद और उनके साथियों ने इस बार दिवाली बड़े अनोखे ढंग से मनाई` जयहिंद और और उनके साथियों ने 21 हजार दीये लगा कर प्रदेश और देश की जनता को दिवाली की शुभकामनायें दी 21 हजार दीये भगवान श्री राम और र छ को प्रज्वलित कर रोहतक की शोभा बढ़ा रहे थे ये दीये शहीदों, क्रांतिकारियों और हरियाणा के पानी का धर्मयुद्ध र छ को लेकर जलाये गए`
जयहिंद ने भगवान श्रीराम से जनता के उज्जवल भविष्य, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की इस मौके पर सोशल मीडिया



पर कई वीडियो वायरल पर जिसमे प्रदेश के युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने शहीदों और र छ के नाम दीये लगा कर "र छ पानी का धर्मयुद्ध" मुहिम का हिस्सा बने`
ज्यादा से ज्यादा घी या तेल के दीये लगा कर इस खुशियों के त्यौहार को मनाएं` भगवान श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए समाज की बुराइयों को खत्म करने का संकल्प ले`आपसी भाईचारे को बनाएं रखे व जरूरतमंद की मदद करें` गौशाला या व्यायामशाळा में अपनी श्रद्धानुसार में भी दान जरूर दे`
जयहिंद ने कहा कि र छ पानी का धर्मयुद्ध हरियाणा के किसानों और प्यासी जनता का लड़ाई है` हरियाणा के 10 लाख एकड़ जमीन र छ का पानी न मिलने की वजह से बंजर है । जिस पर प्रदेश के किसान 40 लाख टन अनाज उगा सकते है। 60 प्रतिशत अशुद्ध पानी पीने वाली जनता एसवाईएल के पानी का इन्तजार कर रहे है` साथी ही सोशल मीडिया पर अपनी वीडियो जरुर शेयर करें` इस मौके पर सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल पर जिसमे प्रदेश के युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने शहीदों और र छ के नाम दीये लगा कर "र छ पानी का धर्मयुद्ध" मुहिम का हिस्सा बने` गोवर्धन पूजा के दिन जरुर करें गौ व पशु सेवा - जयहिंद
नवीन जयहिंद ने जनता से अपील की कि गोवर्धन पूजा के दिन अपने पशुओं या फिर पाने आस - पास रहने वाले पशुओं की सेवा जरुर करें` गौशाला में दान जरुर करके आये` हमारा देश प्राकृतिक संरचना से भरपूर है और वैज्ञानिक दृष्टि से भी हम जितना पशु - पक्षियों के नजदीक रहेंगे उतना बीमारियों और डिप्रेशन से दूर रहेंगे ` गावों में तो इंसानों के साथ - साथ पशुओं का भी ध्यान रखा जाता है` आज का दिन गौ माता के लिए है तो इस दिन गौ माता की सेवा जरुर करें`
साथ ही नवीन जयहिंद ने प्रदेश की जनता को विश्वकर्मा दिवस

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एपेक्स ग्रीन सोसायटी में दीपावली की पूर्व संध्या पर लगी भीषण आग

**नगर निगम मेयर निखिल मदान ने रात घटना स्थल पर पहुंच कर लिया बचाव और राहत कार्यों का जायजा।**
**दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाला गया।**
**आग पर काबू पाने तक लोगों के बीच मौजूद रहे मेयर निखिल मदान।**
**सोनीपत के अलावा पानीपत और दिल्ली से मंगाई गई दमकल कर्मियों की टीम और गाडियां।**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मेयर निखिल मदान ने बताया कि



दीपावली की पूर्व संध्या पर देर रात,जी टी रोड पर एपेक्स ग्रीन सोसायटी में सी ब्लॉक के 7 वें फ्लोर पर भीषण आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी।रात लगभग 12 बजे उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंच कर बचाव कार्यों का जायजा लिया और अपना सहयोग दिया। दमकल कर्मियों और स्थानीय युवा साथियों के सहयोग से सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया था। फिलहाल सभी लोग पूर्ण रूप से स्वस्थ और सकुशल हैं।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि नगर निगम सोनीपत की गाड़ियों के अलावा दिल्ली से हाइड्रोलिक सिस्टम की गाड़ियां मंगवाई गई। जिससे लोगों को उनकी इमारत से बाहर निकाला गया। इस अवसर पर सोनीपत आयुक्त मनोज कुमार भी मौजूद रहे। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आगामी हाउस की बैठक में सोनीपत के लिए और अत्याधुनिक दमकल गाडियां मंगवाने का प्रस्ताव रखेंगे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 14 नवंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## कैमरन ब्रिटेन के नए विदेश मंत्री होंगे

**लंदन:** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन अब नए विदेश मंत्री होंगे। गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को हटाए जाने के बाद मंत्रिमंडल में हुए ताजा फेरबदल में डेविड कैमरन अब विदेश मंत्री के रूप में अग्रिम पंक्ति की राजनीति में एक आश्चर्यजनक वापसी कर रहे हैं। सुएला ब्रेवरमैन की बर्खास्तगी के बाद जेम्स क्लेवरली को गृह मंत्री बनाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार इसकी शुरुआत सोमवार की सुबह सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्री के पद से बर्खास्त किए जाने के साथ हुई। कई दिनों से उन्हें बर्खास्त करने के लिए काफी दबाव बनाया गया था। आखिरकार प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सुएला ब्रेवरमैन को बर्खास्त कर दिया। इसके बाद डाउनिंग स्ट्रीट ने जेम्स क्लेवरली को विदेश मंत्री से हटाकर गृह मंत्रालय में सुएला ब्रेवरमैन की जगह नियुक्त किये जाने की पुष्टि की है। दरअसल, सुएला ब्रेवरमैन ने हमास-इजराइल युद्ध शुरू होने बाद लंदन में होने वाले प्रदर्शनों से सख्ती से नहीं निपटने का आरोप लगाते हुए मेट्रोपालिटन सिटी पुलिस पर निशाना साधा था। सुएला ब्रेवरमैन ने एक अखबार में लिखे लेख में कहा था कि फिलिस्तीन समर्थक भीड़ कानून तोड़ती रही। लंदन का पुलिस बल इसकी अनदेखी करता रहा। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम का आह्वान करने वाले प्रदर्शनकारियों को नफरत फैलाने वाला भी बताया था।

## लखनऊ: पीएसी चतुर्थ बटालियन में तैनात कर्मी की गोली मारकर हत्या

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पीएसी चतुर्थ बटालियन में तैनात एक जवान की रविवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी विनीत जायसवाल ने सोमवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रात करीब ढाई बजे पुलिस को 112 नम्बर पर सूचना मिली कि मानस नगर कॉलोनी के पास एक व्यक्ति को उसके घर के बाहर गेट पर गोली मारकर घायल कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतक की पहचान प्रयागराज में पीएसी चतुर्थ बटालियन में क्वार्टर मार्शल के पद पर तैनात सतीश कुमार के रूप में की है। परिजनों ने बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस की पांच टीमें घटना की जांच में जुटी है।

## असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की ग्राम देवता मंदिर की मूर्तियां

बदायूं: जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के भुसाया गांव में रविवार की रात में असामाजिक तत्वों ने ग्राम देवता के मंदिर में रखी मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं मंदिर में रखे दान पात्र को तोड़कर पैसे भी चोरी कर लिए हैं। भुसाया के लोगों को कहना है कि खेतिहर इलाके में ग्राम देवता का प्राचीन मंदिर है।

# अयोध्या: दो सौ करोड़ की लागत से बनेगा लक्ष्मण पथ

## राम पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ के बाद 12 किमी लंबे लक्ष्मण पथ की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**योगी** सरकार अयोध्या को सबसे सुंदर नगरी के रूप में स्थापित करने में जी जान से जुटी हुई है। लगातार अयोध्या को एक नई ऊंचाई और उसकी बिसरी पहचान को वापस दिलाने का काम किया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। जनवरी में रामलला अपने मंदिर में विराजमान भी हो जाएंगे। इन सब के बीच अयोध्या की कनेक्टिविटी को भी लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। श्रीराम की नगरी में अलग अलग पथों के जरिए फोर लेन कनेक्टिवी प्रदान की जा रही है। इसमें अब एक नया नाम लक्ष्मण पथ का जुड़ने जा रहा है। दरअसल अयोध्या में राम पथ का निर्माण तेजी से हो रहा है, जो नयाघाट से सहादतगंज तक 13 किमी लंबा मार्ग है। इसके बाद जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, धर्मपथ के बाद अब लक्ष्मण पथ का निर्माण भी योगी सरकार कराने की तैयारी में जुट गई है। भगवान श्रीराम के छोटे भाई और शेषावतार लक्ष्मण जी के नाम पर बनने वाले इस नये वैकल्पिक मार्ग निर्माण की भी पूरी कार्ययोजना तैयार है। डीएम नीतीश कुमार के अनुसार लक्ष्मण पथ गुप्तारघाट से राजघाट तक बनाया जाएगा। यह पथ फोरलेन होगा। इस पथ के निर्माण के लिए नामित कार्यदाई संस्था प्रांतीय खंड लोनिवि की निर्माण ईकाई द्वितीय के अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि करीब 12 किलोमीटर लंबा यह पथ उदया हरिश्चंद्र घाट तटबंध के समानांतर प्रस्तावित है। तटबंध की चौड़ाई पहले छह मीटर थी जिसे एक मीटर बढ़ाकर सात मीटर कर दिया गया है। इधर लक्ष्मण पथ की चौड़ाई 18 मीटर तय कि गयी है। अधिशासी अभियंता के अनुसार लगभग दो सौ करोड़ की लागत से प्रस्तावित इस वैकल्पिक मार्ग का आगणन शासन को प्रेषित कर दिया गया है और स्वीकृति की प्रतीक्षा है।



## सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं जन समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान सोमवार की सुबह लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिया। अधिकारियों को त्वरित निदान के निर्देश भी दिये। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र ही समस्या निदान कराने का अश्वासन दिया। इसके लिए उन्होंने पास में मौजूद अधिकारियों को समस्या निस्तारण को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने सभी लोगों को भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का न्यायपूर्ण निस्तारण होगा। अधिकारी स्वयं इसमें रुचि लेंगे और आपकी बातों को पूरी तरह सुनने के बाद कानून के अलोक में समस्या निदान करेंगे। जिन्हें आवास की समस्या है, उन्हें सरकारी योजना से आवास दिलाया जाएगा।

**जनसंवाद**

**गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी: सीएम योगी**

गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। किसी की जमीन पर अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। भू माफिया के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

हर बार की तरह सोमवार को भी कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि इलाज में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद मिलेगी। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन में भेजें। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को उन्होंने दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दिया।

## 'तीन चौथाई से फिर बन रही कांग्रेस सरकार'



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ प्रभारी सैलजा ने सोमवार को राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो गया कि राज्य में तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन रही है। पहले चरण की सभी 20 सीटें कांग्रेस जीतेगी। राजनांदगांव में डॉ. रमन सिंह भी चुनाव हार रहे हैं। दूसरे चरण के मतदान के बाद हम अपने 75 सीटों के लक्ष्य को जरूर पूरा करेंगे। सैलजा ने कहा कि हम पूरे चुनाव को सकारात्मक तरीके से लड़े। हमारा प्रयास था कि हम अपने कामों के आधार पर जनता से वोट मांगे। हमारी सरकार ने पिछले पांच सालों में जो काम किया था हमारे वोट मांगने का वही बड़ा आधार था। हमारी सरकार ने किसान, मजदूर, युवाओं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति को सशक्त बनाने के लिये ठोस योजनायें बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन किया। ऋण माफी, धान खरीद, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मजदूर न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल, खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना ने छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली। हमने पांच सालों में बेरोजगारी, गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी जिससे प्रदेश की 40 लाख आबादी गरीबी रेखा से ऊपर आ गयी। हमारी सरकार के उत्कृष्ट काम ही थे जो लोग आज चुनाव में हमारे खिलाफ झूठ उछाल रहे है उनकी केंद्र सरकार ने हमें 65 पुरस्कार दिये।

**दावा**

**पहले चरण के मतदान के बाद यह स्पष्ट हो गया कि राज्य में तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन रही है**

**कांग्रेस महिलाओं को देगी 15 हजार रुपये सालाना:** दीपावली के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजा के दिन कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं के लिये छत्तीसगढ़ गृह लक्ष्मी योजना लांच करने का निर्णय लिया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एमपी की रैली में जनता का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## तमिलनाडु: निर्देश का उल्लंघन 2,246 लोगों पर मुकदमा

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**

**दीपावली पर** आतिशबाजी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से दो घंटे की समयसीमा का उल्लंघन करने के मामले में राजधानी चेन्नई सहित राज्यभर में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पूरे राज्य में 2,246 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं जबकि चेन्नई में ऐसे मामलों की संख्या 568 है। सोमवार को राज्य पुलिस की तरफ से जारी जानकारी के मुताबिक शीर्ष अदालत ने इसके लिए अवधि (सुबह छह से सात बजे और शाम सात बजे से आठ बजे) निर्धारित करते हुए हिदायत दी थी कि इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आदेश का उल्लंघन करने के मामले में 2,246 लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। कुल 2,095 लोगों को गिरफ्तार किया गया और बाद में पुलिस ने जमानत पर रिहा कर दिया। अब तक कुल दर्ज किए 2,246 मामलों में से 568 मामले सिर्फ चेन्नई में दर्ज किए गए हैं।

## भारत ने यूएन परिषद की बैठक में कनाडा को सुनाई खरी-खरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कनाडा** को लेकर भारतीय कूटनीति के रवैये में कोई भी नरमी आने के संकेत नहीं है। पिछले शुक्रवार (10 अक्टूबर) को अमेरिकी के साथ 2 प्लस 2 वार्ता में भारत ने दो टूक साफ कर दिया था कि कनाडा के साथ कूटनीतिक विवाद को लेकर वह अपने रूख पर अडिग है।

**अतिवाद फैलाने वाले समूहों पर लगानी होगी रोक:** वहीं, अब संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग की बैठक में भी भारत ने साफ तौर पर कनाडा को कहा कि उसे अतिवाद फैलाने वाले समूहों पर रोक लगाानी होगी और अभिव्यक्ति की आजादी के हो रहे दुरूपयोग को भी रोकना होगा।



यूएनएचआरसी की यह बैठक कनाडा में मानवाधिकार की स्थिति की समीक्षा को लेकर ही थी, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने भारत की मौजूदा चिंताओं को सामने रखने में कोई कोताही नहीं की है। कनाडा की तरफ से भी इस तरह के संकेत नहीं है कि वह मौजूदा तनााव को अपनी तरफ से खत्म करने को लेकर कोई नरमी दिखा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय कानूनों का मनमाने तरीके से इस्तेमाल होगा खतरनाक:** कनाडा के पीएम जस्टिन टुडो ने भारत की तरफ इशारा करते हुए कहा है कि किसी भी बड़े देश को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का मनमाने तरीके से इस्तेमाल की इजाजत देना खतरनाक होगा। यूएनएचआरसी की बैठक में कनाडा सरकार की तरफ से मानवाधिकार की स्थिति पर रिपोर्ट भी सौंपी गई है।

**मानवाधिकार की स्थिति पर रिपोर्ट का भारत ने किया स्वागत:** भारतीय प्रतिनिधि ने इसका स्वागत किया और इसमें कुछ सुधार के सुझाव दिए। पहला सुझाव यह था कि अभिव्यक्ति की आजादी के गलत इस्तेमाल को रोका जाए ताकि अतिवाद को बढ़ावा देने वाले घरेलू समूहों पर रोक लगाई जा सके। एक अन्य सुझाव यह है कि अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों पर हमले को रोकने के लिए कदम उठाए जाए और नफरत फैलाने वाले भाषणों पर रोक लगाई जाए।

## पंतद्वीप पार्किंग मामला... सीबीआई ने तेज की कार्रवाई

**हरिद्वार: पंतद्वीप** पार्किंग के नाम पर हुए करोड़ों रुपये के घोटाले में सीबीआई की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। सिंचाई विभाग कार्यालय में भी सन्नाटा पसरा रहा। कोरोनाकाल के दौरान पार्किंग के आवंटन और निर्धारित समय के बावजूद अतिरिक्त समय ठेकेदार को देकर लाभ पहुंचाने के आरोप में तत्कालीन अधीक्षण अभियंता, अधिशासी समेत दो ठेकेदार समेत कई लोगों के खिलाफ सीबीआई की जांच शुरू हो चुकी है।

## गाजा के मुख्य अस्पताल के पास पहुंचे इजरायली टैंक

**टीम एक्शन इंडिया/यरुशलम**

**इजरायली** टैंक सोमवार को गाजा शहर के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा के गेट के बाहर पहुंच गए और हमास आतंकियों से लड़ाई जारी है। इससे मानवीय संकट भी गहराता जा रहा है। अस्पताल के अंदर दर्जनों बच्चों सहित सैंकड़ों मरीज बिना बिजली-पानी के फंसे हुए हैं।

**अल शिफा अस्पताल से भाग रहे हैं हजारों लोग:** इजरायली सेना कह रही है कि वह लोगों को उत्तर से दक्षिण गाजा जाने के लिए सुरक्षित गलियारा उपलब्ध कराने को तैयार है, जबकि फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल के चारों ओर भारी फायरिंग हो रही है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि ऐसा लगता है कि अल शिफा अस्पताल से हजारों लोग भाग गए हैं, लेकिन सैंकड़ों लोग अब भी फंसे हुए हैं। अब तक तीन बच्चों और चार अन्य मरीजों की मौत हो चुकी है और अन्य पर मौत का संकट मंडरा रहा है।



**सैकड़ों फंसे**

**अल शिफा अस्पताल से हजारों लोग भाग गए हैं, लेकिन सैंकड़ों लोग अब भी फंसे हुए हैं**

**अल शिफा अस्पताल में पानी खत्म:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम गेबियस ने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अल शिफा अस्पताल तीन दिनों से पानी के बिना है और अब उसने अस्पताल के रूप में काम करना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ का संपर्क अस्पताल से कट गया है। वहीं, इजरायल ने दावा किया कि अस्पताल इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है कि आतंकी अस्पताल को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। बिना कोई साक्ष्य देते हुए दावा किया कि आतंकियों के पास अस्पताल परिसर के अंदर और नीचे एक कमांड सेंटर और अन्य सैन्य बुनियादी ढांचे मौजूद हैं। हालांकि, हमास और अस्पताल कर्मचारी इन आरोपों से इनकार करते हैं।

## प्रदूषण के कारण सांस के मरीजों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली में एक** बार फिर प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इससे नाक, कान और गले (ईएनटी) से संबंधित शिकायतें बढ़ने लगी हैं। अस्पतालों में प्रदूषण के कारण श्वसन तंत्र और आंख से संबंधित मरीजों की संख्या में 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। इसे देखते हुए दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल में मरीजों के लिए विशेष ओपीडी की शुरूआत करने जा रही है। आरएमएल अस्पताल के निदेशक डॉ अजय शुक्ला ने बताया कि प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के लिए एक विशेष ओपीडी की शुरूआत की जा रही है। इस विशेष ओपीडी में सांस से संबंधित मरीजों को डॉक्टरी सलाह और उनकी व्यापक देखभाल दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इस विशेष ओपीडी में एक बहु-विभागीय क्लिनिक भी शामिल होगा, जिसमें पांच विभाग शामिल होंगे। इसमें ईएनटी, त्वचा, श्वसन तंत्र, नेत्र और मनोरोग विभाग को शामिल किया गया है।

मंजूरी

केंद्र सरकार ने संशोधित की दरें

## मानव-वन्यजीव संघर्ष में मुआवजे की राशि में की जाएगी बढ़ोतरी

**मुआवजा राशि**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड में** मानव वन्यजीव संघर्ष के तहत दी जाने वाली मुआवजा राशि में बढ़ोतरी की जाएगी। वन विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। अब इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट में रखा जाएगा। राज्य वन्यजीव बोर्ड प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुका है। इसमें मानव वन्यजीव संघर्ष में व्यक्ति के घायल होने, अपंग होने, फसलों की क्षति और संपत्ति के नुकसान पर दिए जाने वाले मुआवजे में संशोधन किया गया है। मानव-वन्यजीव संघर्ष राहत वितरण निधि नियमावली 2023 की प्रस्तावित दरों में केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से निर्धारित दरों में जुलाई 2023 में संशोधन किया जा चुका है। अब राज्यों को भी इसी के अनुरूप अपने यहां दरों में संशोधन करना अनिवार्य है। पूर्व में यह प्रस्ताव कैबिनेट में पास हो गया था, लेकिन इस बीच केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से दरों में संशोधन के बाद इसका शासनादेश जारी नहीं किया गया। अब संशोधित प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा चुका है। मानव वन्यजीव संघर्ष में मृत्यु होने पर दी जानी वाली मुआवजा राशि को चार लाख रुपये से बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जाना प्रस्तावित। इस प्रस्ताव में 18वीं वन्यजीव बोर्ड की बैठक में पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है। साधारण घायल होने पर मिलने वाला मुआवजा 15 हजार से बढ़ाकर 16 हजार रुपये प्रस्तावित किया गया है। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रस्तावित। पूर्ण रूप से अपंग होने पर दो लाख से बढ़ाकर ढाई लाख रुपये प्रस्तावित। दुधारू पशु की मृत्यु पर 30 हजार से बढ़ाकर 37 हजार 500 रुपये किया जाना प्रस्तावित।



**सभी सुविधाओं तक दिव्यांग जनों की पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज लगाया जाएगा**

## फर्जी मुठभेड़ मामले में सेना के कैप्टन की उम्रकैद की सजा पर रोक

**नई दिल्ली।** दक्षिण कश्मीर के अमशीपोरा गांव में फर्जी मुठभेड़ में तीन लोगों की हत्या के दोषी पाए गए सेना के कैप्टन की उम्रकैद की सजा सशस्त्र बल न्यायाधिकरण ने निलंबित कर दी है। न्यायाधिकरण ने कैप्टन भूपेन्द्र सिंह को सशर्त जमानत भी दे दी। उन्हें अगले साल जनवरी से हर महीने के पहले सोमवार को अपने प्रधान रजिस्ट्रार के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है। कैप्टन भूपेन्द्र सिंह से संपर्क करने पर उनके वकील मेजर (सेवानिवृत्त) सुधांशु पांडे ने मामले का विवरण साझा करने से इन्कार कर दिया और कहा कि मामला अभी विचाराधीन है।

## तृणमूल नेता की हत्या के बाद लोगों ने हत्यारे को पीट-पीट कर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**दक्षिण 24 परगना** जिले के जयनगर इलाके में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता की हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने एक हत्यारे को पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया। सोमवार को, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता और पंचायत सदस्य सैफुद्दीन लश्कर को कुछ अज्ञात बदमाशों ने करीब से गोली मार दी, जब वह सुबह की नमाज के लिए एक स्थानीय मस्जिद में जा रहे थे। लश्कर की मौत की खबर फैलने के बाद, ग्रामीणों का एक वर्ग, विशेष रूप से सत्ताधारी दल से जुड़ा, उग्र हो गया। उन्होंने दो स्थानीय ग्रामीणों को बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। एक की मौके पर ही पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने किसी तरह बचा लिया। लेकिन पुलिस ने पीट-पीटकर मारे गए और गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने लश्कर की हत्या में अपनी संलिप्तता की बात कबूल कर ली है। दो गुटों के बीच झड़प के बाद पूरा इलाका युद्धक्षेत्र में बदल गया। एक के बाद एक इलाके के कम से कम 10 घरों में आग लगा दी गई। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में करने की कोशिश की। रिपोर्ट दर्ज होने तक इलाके में तनाव बरकरार था। दोनों हत्याओं को लेकर जल्द ही राजनीतिक खींचतान सामने आ गई। भांगड़ विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के विधायक सौकत मोल्ला ने

